गुरशिदलि पी, अभिषेक कुमार, स्वराज सर्वोत्तम, अंजली गौर, धीमाही, ब्जेश, आशुतोष कुमार सिंह, शिवानी ग्रोवर, तरनदीप सिंह, निजिता मैथ्यू, राग्या अरोड़ा, प्राग्या अरोड़ा, शशांक चतुर्वेदी, सुकन्या दास, जानकी एस, निलोयेंदु रॉय, राजेन्द्र सिंह, लक्षय धीर, नरेन्द्र कुमार, अनारण्या घोरज, पवित्रा नितयानंद शानबाग, अनिरुद्ध मिरमिरा, श्रीमायी मुखर्जी, निकिता गुप्ता, अभिरूप लाहिरी, शांतनु अगरवाल, सोहिनी बट्टाचार्या, उत्तम गुप्ता, सुचित्रा, राघेश ए.वी., सोनु के.पी, अभिजित सेन, चन्दन डे, सिसिर मैती, अंकुश कुमार, पुरोहित सुमुख अनिल, सुदर्शन बेहेरा, म्रिणाल बोरो, स्वर्णमशी मिश्रा, शालु राणी, सुरिशि वशिष्ट, दिव्या, संचिता करमकर, अरुणव साहा, नवनीत सिंह, पारुल वर्मा, अब्दुल अज़ीज़ एच, सुभजित लाहा, मोमिन अहमद, कोमपेल्ला वी के श्रीनाथ, अवुला वेंकट शिव निखिल, सौमिता चक्रबर्ती, निमिश डी, शरोना थॉमस होर्ता, उषा मंजुनाथ भट्ट, रवि शंकर पी एन, यांद्रा प्रोमकुमार, मनोदीप मोण्डल,दिव्या सी, राजेन्द्र कुमार, शिवराम बी, कुबकड्डी, गणेश एन, सी एस दीपक, मीनाक्षी पाहवा, प्रियांका जैन, कोरलेपरा दिव्या भारती, बदरी विशाल, अभिजित चट्टर्जी, सुदीप दास, चैताली सौ, भरत बी, वी राजाजी, स्यमंतक रॉय, धीरज कुमार सिंह, पापरी सुतर, स्वाती, संजय कुमार नायक, श्रीधरा एम बी, ए ज़ेड अशर

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी
श्रीनाथ वी, BE
श्रीनिवास एस, BE

अनुसंधान वैज्ञानिक बी
अनूप एस, सुरेश जे

तकनीकी सहायक
एन आर सेल्वी

अनुसंधान सहयोगी
देबब्रता समंता, सुमन बैनर्जी, चयनिका दास

अनुसंधान सहयोगी (पी)
प्रशांत कुमार, ए ज़ेड अशर

SERB राष्ट्रीय PDF
कमलि केशवन, शिवण्णा एम, आशिश सिंह, संदरा डियास, सुबर्णा डे, चंद्रय्य एम, दरसि रामबाबु, मेहराज उद दिन शेख़

डॉक्टरोत्तर अधिसदस्य
शिवानी शर्मा

कनिष्ठ अनुसंधान अधिसदस्य
संचयिता मुखोपाध्याय, मणिदीपा धर (NCU के साथ संयुक्त रूप से)

अनुसंधान एवं विकास सहायक
अनंगि ब्रह्मय्या, शशिधर पुरा (NCU के साथ संयुक्त रूप से), सौम्या सी (NCU के साथ संयुक्त रूप से), जी आदित्य कुमार, अनिल कृष्ण कोण्डूरि, सुब्रह्मण्या टी एम, मोनिका श्वेता बॉस्को (NCU के साथ संयुक्त रूप से)

पुरस्कार / सदस्यता / फैलोशिप / प्रायोजित परियोजनाएं / अकादमिक / प्रकाशन

संकायों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

सी. एन. आर. राव
- पदार्थ अनुसंधान समाज की उचतम प्रतिस्था वॉन हिप्पल- पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम एशियाई व्यक्ति जिसे बोस्टन में 29 नवंबर, 2017 में प्रदान किया गया
- वोकार्ड अनुसन्धान पुरस्कार
- आई. आई. टी., गुवाहाटी का मानद डॉक्टरेट
- गुवाहाटी विश्वविद्यालय का मानद डॉक्टरेट

सरित अगस्ती
SERB पूर्व करियर पुरस्कार तथस
DAE युवा विज्ञानी पुरस्कार (YSRA)

अधिसदस्यताएँ

चन्द्रभास नारायण
भारतीय विज्ञान अकादमी के अधिसदस्य

तपस कुमार माजी
भारतीय विज्ञान अकादमी के अधिसदस्य

सरित अगस्ती
वेलकम ट्रस्ट मध्यांतरअधिसदस्यता

शैक्षिकी

15 विद्यार्थियों को प्रवेश
22 उत्तीर्ण

विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

राधा बोया
MIT प्रौद्योगिकी समीक्षा नवोन्मेष-2017 के लिए JNCASR पूर्वछात्र के लिए चयनित

सदस्यता

तपस कुमार माजी
अल्सेवियर द्वारा प्रकाशित इनआर्गेनिका चिमिका एक्टा (अजैविकी रासायनिक कार्य) नामक एक अजैविक रासायनिक जर्नल के लिए पाँच वर्षो के लिए संपादकीय मण्डल के सदस्य

प्रायोजित परियोजनाएँ

13 नई परीयोजनाएँ ₹ 4,12,85,536
33 चल रही परीयोजनाएँ ₹ 27,00,93,057

प्रकाशन

70 जर्नल लेख
2 सम्मेलन लेख



विकासवादी एवं समेकित जैविकी एकक [EIBU]

अनुसंधान क्षेत्र

- जनसंख्या पारिस्थितिकी
- व्यवहारात्मक पारिस्थितिकी
- जातिभूगोल
- विकास्वादी आनुवंशिकी

जैविकीय प्रणालियाँ संरचनात्मक रूप से श्रेणीबद्ध होती हैं परंतु जैविकीय प्रणालियों में प्रकार्यात्मकता के लिए उन्हें अर्थपूर्ण परिस्थितिकीय तथा विकासवादी संदर्भ में प्रतिपादित तथा समझने की आवश्यकता होती है । जैविकी के प्राय: जभी संदर्भों में रेणीबद्धता का आवर्ती प्रकरण (विषय), बहुकोशिकीय जीव (अंगों) के संदर्भ में यह साक्ष्य देता है कि वह सम्मिश्रता (संकीर्णता) के प्रमुख संरचनात्मक स्तर को प्रदर्शित करता है तथा यह प्रकार्यात्मकता से समेकित परिस्तिकीय (परिसरीय) पूर्णता का होता है । हमारा एकक (जिसे पहले विकासवादी एवं जैविकीय जैविकी एकक कहा जाता था) विकासवादी स्पष्टीकरण के लिए समर्थ आधार के साथ संपूर्ण-जीव जैविकी में संकल्पनात्मकता से मूलभूत प्रश्नों पर अपना ध्यान केंद्रित करता है । हमारे संकाय सैद्धांतिक विश्लेषण के साथ प्रयोगालयी प्रयोगों तथा / अथवा क्षेत्र वीक्षणों को निम्न के साथ संयोजित करता है । (अ) जीवन-वृत्तों का विकास तथा प्रतियोगात्मक (प्रतिस्पर्धात्मक) क्षमता की अत्योन्य-क्रिया तथा जनसंख्या गतिकी पर इसके प्रभाव को समझलेना, (आ) संसाधन वितरण जैसे परिसरीय घटकों, चारे की खोज के कौशलों जैसे व्यवहारात्मक घटकों तथा संबंध तथा आनुवंशिकी की घटकों की अन्योन्य क्रियाओं का मूल्यांकन करना तथा (इ) जीन तथा अ-जीन वंशानुक्रमकी अनुकूल्कारी विकासवादी गतिकी के विश्लेषण के लिए योग्यता तथा आनुवंशिकता जैसे मूलभूत परिघटनाओं के पुनप्रेतिपादन द्वारा विकासवादी सिद्धांत के क्रोड का पुनर्संकल्पनीयता करना ।

ईओबीयू के छात्र (स्वर्गीय प्रो. वी.के. शर्मा) जो कालक्रमिक जैविकी पर कार्य कर रहे थे उन्हें प्रो. वासु तांत्रिका विज्ञान एकक के साथ उनके अनुरोध पर नियोजित किया गया है । उनका अनुसंधान कार्य एनएसयु के अधीन प्रकाशित होगा ।

अनुसंधान विशिष्टियाँ

1. प्रथम बार फल मक्षिका जीवसंख्या गतिकी के वयक्तिक नमूना बहु जीवसंख्या तथा पर्यावरणों से प्राप्त प्रयोगात्मक डाटा का विवरण देता है ।
2. नूनीकृत लैंगिक संघर्ष के साथ फल-मक्षिका जीव संख्याओं में आंशिक प्रजनन पृथक्करण के विकास में प्राकृतिक लैंगिक चयन के पात्र की परीक्षा ।
3. भारत में एशियाई हाथियों में हथिनियों की सामाजिक संरचना का प्रथम स्पष्टीकरण - यह दर्शाते हुए कि आफ्रिकी सवन्नाह हाथियों से भिन्न लचीले निलय विखंडन विलायन गतिकी के प्रति वयक्तिकता का आधार ।
4. समूह आकार निर्बंध एशियाई हाथियों के सहयोग का प्रथम प्रदर्शन ।
5. प्रकृतिक चयन की समानता पर विकासवादी स्पष्टीकरण में निलया निर्माण एक तार्किक स्तर को अधिग्रहित करने दे दावे का व्यापक परित्यक्तता ।



चित्र - समूह आकार किस प्रकार सामाजिक संरचना पर प्रभाव डालता है । समान रूप आकारित वंशों तथा प्रथम स्तरीय लोवेन समुदायों का स्पष्टीकरण जिसमें (ए) समूह-आकार प्रथम स्तरीय समुदाय आकार के समान है । (बी) समूह-आकार प्रथम स्तरीय समुदाय आकार से होता है । दूसरे को कम ससंजक सहयोग को अग्रसर करता है तथा उसे कबिनी एशियाई हाथी जीवसंख्या में देखा जा सकता है । (चित्र - नंदिनी तथा अन्य व्यवहारात्मक परिस्थितिकी से)

अनुसंधान कार्याकलाप तथा उपलब्धियाँ

अमिताभ जोशी, Ph.D.

प्रोफ़ेसर

हमने फल मक्षिका जीओ संख्याओं की गतिकी का एक वैयक्तिक आधारित ऐसे नमूने को विकसित कर लिया है जो समय श्रृंखला सांख्यिकी स्थिरता-उपायों तथा जीवसंख्या आकार वितरणों सहित जीव संख्या-गतिकी के अधिकांश विवरण को सम्मिलित करता है । हमने विविध आहार क्षेत्रों के अधीन विभिन्न विशिषक संयोजनों के साथ जीव संख्याओं का अध्ययन किया है । यह अब तक के अत्युत्तम प्रकार्यात्मक फल मक्षिका नमूना रहा है तथा एलडी मुल्लर के 1988 के नमूने से लेकर अब तक नमूनन फलमक्षिका जीवसंख्या गतिकी में प्रथम प्रमुख विकास रहा है । इस नमूने का उपयोग करते हुए, हमने यह दर्शाया है कि जीवसंकुलन (भीड़) के विभिन्न पारिस्थितिकीय संदर्भ सुघट्य पोषण-दर प्रतिक्रिया के विरुद्ध कठोर-तारित विकास के अनुकूल गो सकता है । हमने यह भी दर्शाया है कि त्वरित गति से विकसनशील जीवसंख्याओंमें निम्न लैंगिक संघर्ष का विकास प्रतन्न पारिस्थितिकी तथा शरीर-आकार न्यूनकरण की अन्योन्य क्रिया के कारण होता है जो पश्च की प्रभुता (प्रधानता) के साथ होता है ।हमने जीवसंकुलित (भीडित) डोसोफिलासंवर्धन की परिस्थितिकी तथा विकास के अध्यान के लिए एक एजेंट (कारक) आधारित नमूने(एबीएम) ढाँचे को विकसित कर लिया है । इसने हमें आहार उपलब्धता तथा जीवसंख्या गतिकी का जीवनवृत्त तथा नाशी जीव (कीट) नियंत्रण कौशलों की अंतक्रियाओंमें प्रभाव के प्रति एक नवल अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराई है । (प्रो. एस दुबे आईआईएसईआर पुणे के साथ सहयोग में) आनुवंशिकी तथा विकासवादी समूह के सहयोगात्मक संस्थापनों के अंश के रूप में हमने यह दर्शाया है कि “निलय” निर्माण की तार्किक स्थिति, प्राकृतिक चयन की तुलना में विकासवादी सिद्धांत के लिए कम केंद्रित थी । हमने यह भी सुझाया है कि आनुवंशिक विशेषकों की प्रेषणीयता की तद्रूपता संवर्धनीयता ने वंशानुगत से प्राप्त मैथुन प्राधान्यता के विकासवादी परिणाम पर अधिकता से प्रभावित कर सकती है ।



चित्र-1: डी. मेलानोगास्तर (D-Melanogaster) जनसंख्याओं (जीव संख्याओं) की प्रयोगात्मक एवं अनुरूपित समय श्रेणियों के चार विभिन्न संपोषणात्मक क्षेत्रोंके अधीन जनसंख्या आकार-वितरण तथा समरूप स्थिरता परवर्ती का निर्माण एक एजेंट आधारित नमूना अनुरुपण का उपयोग करके किया गया है । (ए) जीवसंख्या आकार के वितरण की वर्णनात्मक सांख्यिकी । लाल (डैश) रेखिका पंक्तियों औसत,हलकी काली पंक्तियाँ : मध्यम, पेटियों के कोर 25वें तथा 75वें प्रतिशत मूँछें - 10 वें तथा 90वें प्रतिशत तथा बाह्य वृत: वितरण के 95वें प्रतिशत; सफेद पेटियाँ - प्रयोगात्मक डेडा को प्रस्तुत करते हैं तो भूरे आभासी पेटियाँ - अनुरूपित समय-श्रेणीकी है । (बी) औसतन (+ एसईएम) F1 उच्चवचन सूच्यंक - चार क्षेत्रों के प्रयोगात्मक तथा अनुरूपित समय श्रेणी के हैं । दोनों नक्शों ने प्रयोगों तथा अनुरूपणों के बीच में उत्तम अनुरूपता दर्शायी है । एच.एल. क्षेत्र की जीव-सँख्या के उच्चतम औसत जीवसंख्या आकार के साथ अत्यधिक स्थिर रहीं तथा एल.एच. क्षेत्र की जीवसंख्याएँ - निम्नतम जीवसंख्या आकार न्यून स्थिर रहीं । (चित्र एस. तुंग तथा अन्य et al. BioRxiv, Doi: https://doi.org/10.1101/138446).



चित्र 2: फल माक्षिकाओं के जीव संकुलन संवर्धन में क्षमता पर परिस्थितिकीय संदर्भ का जीव संकुलन (भीड़न) प्रभाव डाल सकता है । समान अंडा सांद्रता 600 अंडे प्रति 1.5एमएल आधार तथा 1200 अंडे प्रति 3एमएल आहार के साथ दो उपचारों में अनुकूलित तथा नियंत्रित जीवसंख्याओं दोनों जीवसंकुलनों में निम्न प्रौढ़तापूर्व (अंडे देने की) जीवन क्षमता को नोट कर लें 1 एमसीयू जीव संख्याओं ने तीन जीव संकुलन उपचारों में अपने वंशपरंपरागत नियंत्रण से भिन्न रूप से उच्चतर जीवन-क्षमता को दर्शाया है नकि केवल 70 अंडे पर वाइल के उपयोग के दो उपजीवसंकुलित (उपभीड़ित) उपचार में ।

टी.एन.सी विद्या, Ph.D.

अध्यक्ष एवं सहयोगी प्रोफ़ेसर

हमारा प्रयोगालय नागरहोळे तथा बंडीपुर राष्ट्रीय उद्यानों के मादा एवं नर एशियाई हाथियों के सामाजिक संरचना (विन्यास) का अध्ययन करता है । भारत में एशियाई हाथियों का यहाँ एक ऐसा दीर्घावधि अध्ययन है जो वैयक्तिक (प्रत्येकता) से पहचानित हाथियों की भारी संख्याओं का अनुश्रवण करता है । दीर्घावधि डाटा के निष्पादन करने तथा अन्य हाथी-जीवसंख्याओं के साथ तुलना करने के द्वारा हमने यह दर्शाया है कि मादा हाथिनियों के समाज का विन्यास किस प्रकार किया गया है । आफ्रिकी सवन्नाह मादा हाथिनी समाज की तुलना स्पष्ट रूप से यह दर्शाता है कि कठोरता (पदक्रम) से निलयित विखंडन-विलंयन गतिकी की होती है । हमने पाया है क संबद्ध प्रजातियों में स्पष्ट रूप से विभिन्न सामाजिक संरचनाओं में आधारभूत समानताएँ हो सकती हैं, जो औसतन समूह-आकार में भिन्नताओं द्वारा अस्पष्ट हो सकते हैं । इस अध्ययन की अर्थ-व्याप्ति निकट रूप से संबद्ध प्रजातियों के अन्य समूह की सामाजिक संरचना को अध्ययन की होती है । हमने पाया है कि समूह-आकार में निर्बंध होने के बावजूद भी मादाओं ने अपने वंशीय मैथुन-साथियों के साथ अंतर्क्रियाएँ जो अल्प निश्चित समूहों के रूपित करने के बिना की हैं, जो यह सुझाता है कि अपने ही वंश के भीतर ही अधिक व्यापक रूप की अंतर्क्रियाओं से लाभ निहित हुए होंगे । इन लाभों की प्रकृति, साथ ही मादाओं के साथ प्रतिस्पर्धा का अध्ययन किया गया है । प्रौढ़ नर हाथियों को अपनी आयु का संयोजन तथा मादाओं को उपस्थिति पर निर्भर करते हुए अपनी सामाजिक अंतर्क्रियाओं को अनुकूलित करते हुए पाया गया है । वंश के स्तर पर सहयोग में कोई भी समयानुकूलित नहीं रही है ।



चित्र 3: 330 मादा हाथिनियों पर आधारित मादा हाथिनियों का सामाजिक जालकार्य । यहाँ पर प्रत्यक गाँठ (ग्रंथि) एक मादा हाथिनी है तथा गाँठों के बीच के किनारे (धार) हाथिनियों के बीच की अशून्य सहयोग सूच्यंक को सूचित करते हैं A1 (किनारा मोटापन A1 के अनुपात का है) गाँठों को अनुकूलता वर्गों के आधार पर वर्ण दिया गया है; उसी समान वर्ण के गाँठों को वंश कहा गया है । प्रतीक्षित तथा वीति श्रेणीवितरणों को इस सामाजिक जालकार्य के आधार पर दिखाया गया है । केंद्र की ओर की अधिकांश एकाकी गाँठ मादा हाथिनियाँ हैं जिन्हें एक बार या कुछ बार देखा गया है, जिनके वंशों की पुन:प्राप्ति नहीं की गई है । (चित्र : नंदिनी तथा अन्य 2018 व्यावहारात्मक जैविकी) ।



चित्र 4: **ए) औसत + 1.96 एसई तथा मध्यम समूह आकार तथा b) औसत + 1.96 एसई सहयोग सूच्यंक (A1), 15 केंद्रीय वंशों के लिए वंश आकार से प्रति अंकित ।** वर्धमान वंश आकार (a) के साथ समूह-आकार में वर्धन नहीं है; जो समूह-आकार पर निर्बंध को सूचित करता है । अत: भारी आकार (b) के वंशों में औसत A1 न्यून हो जाता है; क्योंकि एक और दत्त प्रतिबंधित समूह-आकारों के साथ सहयोग करने के लिए भारी-वंशों की हाथिनियों के लिए कठिन हो जाता है । (चित्र - नंदिनी तथा अन्य 2017 पशु व्यवहार)

एकक सदस्य

अध्यक्ष एवं सहयोगी प्रोफ़ेसर
टी एन सी विद्या, Ph.D.

प्रोफ़ेसर
अमिताभ जोशी, Ph.D., F A Sc, F N A Sc, F N A

अनुसंधान सहयोगी
कुलकर्णी रुत्विज कौस्तुभ, श्रीकांत वेंकिटाचलम, मनन गुप्ता, अभिलाष लक्ष्मण, मनस्विनी सरिं, अवनि मिटल, शीतल पोतदर, एम एस कुवर ऐश्वर्या, सत्यब्रता नायक, रेवते टी, नेहा पाण्डे, सिंह विवेक जगदीश, मनिशि श्रीवास्तव, अंजु मेनन, हंसराज गौतम, कीर्तिप्रिया पी, पवित्रा प्रकाश

अनुसंधान सहयोगी
नंदिनी आर शेट्टी, जॉय बोस

अनुसंधान एवं विकास सहायक
अंकना सन्याल, प्रत्यूशा चक्रबर्ति, रमेश एम के, सजित वी एस

पुरस्कार / प्रायोजित परियोजनाएं / अकादमिक / प्रकाशन

संकायों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

अमिताभ जोशी
इन्सा-2017 के लिए प्रो. हर स्वरुप स्मारक व्याख्यान पुरस्कार के लिए चयनित

टी. एन. सी. विद्या
प्रो. सी. एन. आर. वक्तृता पुरस्कार

शैक्षिकी

2 विद्यार्थियों का प्रवेश
5 उत्तीर्ण

विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

नंदिनी आर शेट्टी
सर्वश्रेष्ठ पीएच.डी. थीसिस अवॉर्ड (बायोलॉजिकल साइंसेज), JNCASR

प्रायोजित परियोजना

1 चल रही परीयोजना ₹ 28,00,000

प्रकाशन

11 जर्नल लेख
1 पुस्तक अध्याय
1 उद्धरण
1 समाचार-पत्र लेख
1 चर्चा फोरम पोस्ट

अभियांत्रिकी यांत्रिकी एकक (EMU)

अभियांत्रिकी यांत्रिकी एकक दैर्घ्य तथा समयमापों की एक विशाल श्रेणी के सरल एवं संकीर्ण द्रवों में परिवहन प्रक्रियाओं से संबद्ध एक श्रेणी के प्रकरणों पर अनुसंधान का अनुसरण कर रहा है । अनुसंधान प्रयासों के घेरे में मूलभूत संकल्पनाएँ तथा अन्वयन - अभिमुखी दृश्य दोनों निहित हैं तथा जैसे कि निम्न चित्र में दर्शाए गए हैं - वे भारत तथा विश्वभर को अग्रणी संस्थाओं के साथ अनुसंधान - आधारित तथा निधियन - आधारित संबंधों को अग्रसर करते हैं ।

यद्यपि वर्तमान में, अभियांत्रिकी यांत्रिकी एकक द्वारा अन्वेशित अनुसंधानात्मक समस्याओं के घेरे में प्राय: संपूर्ण द्रव-यांत्रिकी तथा परिवहन परिघटना सप्तक निहित हैं तथापि जैसेकि चित्र-2में सूचित के अनुसार कुछ आधारभूत विषय निहित हैं ।

विगत वर्ष में, जल तथा ऊर्जा के संबंधी प्रश्नों का ध्यान अन्वयन-अभिमुखी अनुसंधान पर केंद्रीकृत रहा है । (संकीर्ण) सम्मिश्र द्रवों के बहाव पर मूलभूत अनुसंधान का संचालन किया जा रहा है जसमें सम्मिलित होते हैं - तनुकृत बहुलक विलायक, तरणीय (तैराई) सूक्ष्म जीवियों का पायल निलंबन, जो विभिन्न परिघटनाओं में भौतिक अंतर्दृष्टि उपलब्ध कराते हैं । अन्य अनुसंधान प्रयास हैं - क्षोभकारी बहावगत कार्यों के दक्ष भारी संगणना, जो भूमिति तथा संपीडिनियता के प्रकार्य के रूप में सुसंगत संरचनाओं का विश्लेषण । विशिष्ट अनुसंधान प्रयासों का विवरण इस रिपोर्ट में बाद में दिया गया है ।

अनुसंधान के क्षेत्र

- क्षोभकारी बहावों का अंकात्मक अनुरूपण ।
- सम्मिश्र द्रवों की गतिकी, धारा प्रवाहिकी तथा श्तिरता के अध्ययन ।
- मेघों की द्रवा गतिकी तथा वातावरणीय संवहन ।
- भू-भौतिकीया संवहनीया बहाव ।
- पारगमन,बहाव - नियंत्रण तथा पुनर्स्थीरीकरण ।
- जलगतिकीय स्थिरता एवं विक्षोभ ।
- चक्रवात गतिकी ।
- धारा-प्रवाहिक बहाव एवं सक्रिया असंतुलन निलंबनों की सूक्ष्म संरचना के अध्ययन ।
- सूक्ष्म गुरुत्व स्थितियों के अधीन बहाव ।



अनुसंधान निधियन एवं सहयोग

अनुसंधान विशिष्टियाँ

1. विकीरक कोहरे के पूर्वानुमान के प्रति रात्रीय सीमा-परत प्रक्रिया के अन्वेषण के लिए बेंगलूर अंतर्राष्ट्रीय विमान-पत्तन के साथ संबंध ।
2. ऊर्जा एवं जल सक्षम एयरोपोनिक चैंबरों के विकास का प्रारंभ ।
3. श्यान-लचीले पाइप बहाव में रेखीय अस्थिरता का आविष्कार ।
4. सक्रिय निलंबनों में अपरूपण - संकेंद्रण पट्टीकरण अस्थिरता का आविष्कार ।
5. क्षोभकारी बहावगत जलदाब यंत्रों के फलकों की समस्या के समाधान हेतु आंतरिक कोड का विकास ।

अनुसंधान कार्याकलाप तथा उपलब्धियाँ

के.एम. श्रीनिवास, Ph.D.

प्रोफ़ेसर तथा अध्यक्ष

वायु-पत्तन प्रबंधन में विकिरण-कोहरा कार्यकलाप को एक आविर्भावी तथा महत्त्वपूर्ण समस्या के रूप में पहचान लिया गया है । इस संदर्भ में हमारे समूह ने कोहरे के रूपण पर प्रभाव डालनेवाले विभिन्न प्राचलों के अनुवीक्षण के लिए बेंगलूर अंतर्राष्ट्रीय विमान-पत्तन (बीआईए) के लाभ उसके रन-वे (हवाई-पट्टी) के पास एक वीक्षण केंद्र (स्टेशन) की स्थापना के लिए एक सहयोग कर लिया है । रात्रीय वातावरणीय सीमा परत में परिवहन प्रक्रिया, मेघ-रूपण तथा विकिरण कोहरे को सूक्ष्म भौतिकी के अध्ययन के लिए एक नया कार्यक्रम प्रारंभ करने के लिए बीआईए ने जनेउवैअकें के साथ (संभावनीय) पर्याप्त निधियन के सहभागिता करने के लिए अपनी रुचि प्रकट की है । अंततोगत्वा इस क्षेत्र में, अनुसंधान ऐसे अंकात्मक-कोड के विकास को अग्रसर कर सकता है जो वायु-परिवहन प्रबंध में पहले ही वायु-पत्तन पर विकिरक कोहरे के प्रारंभ के पूर्वानुमान में सहायता कर सकता है ।

भा.वि.सं., यूएएस जनेउवैअकें आईसीएआर के अधीन के अन्य संस्थानों के बीच के एक संयुक्त परियोजना एक ओर महत्त्वपूर्णविकास रहा है जो दक्षिण भारतीय जलवायु-स्थितियों में आलू-बीज के उत्पादन के लिए ऊर्जा एवं जल सक्षम एयरोपोनिक (aeroponic) चेंबर के विकास करने केलिए रहा है । इस परियोजना के अंश के रूप में इस विकास में सम्मिलित है - ऐसी सौर धुआँदान (चिमनी) है जो पॉलीहाउस के निष्क्रिय वायु-संचालन में सहायता करता है ।



चित्र 1: रात्रीय सतही परत में भेदक-संवहन; (a) द्रव-वीक्षण b, c and d क्रमश: 1W/m^2, 3W/m^2 and 5W/m^2 विकिरण। (b) शीतलन दरों के साथ अनुरूपन के हैं ।

गणेश सुब्रमणियन, Ph.D.

प्रोफ़ेसर

आईआईटी कानुपर के प्रो.वी. शंकर के समूह के साथ के एक सहयोग के अनुसंधान प्रयत्नों ने श्यान-लचीले द्रव के पाइप (नहली) बहाव के लिए नव रेखीय अस्थिरता के आविष्कार को अग्रसर किया है । न्यूटोनियन पाइप फ्लो को रेखीयता से स्थिर के रूप में जाना जाता है तथा एक सौ बीस वर्षों के पहले क्षोभता के प्रति पारगमन को दर्शाने वाले रेनॉल्ड अग्रगामी (पथ-प्रदर्शक) प्रयोगों से लेकर नली बहाव में रेखीय अस्थिरता का प्रथम आविष्कार रहा है । इस आविष्कार में श्यान-लचीले द्रवों के सरल रेखीय अपरूपण बहावों के पारगमनों की अर्थव्याप्ति रही है तथा यह क्षोभकारी खास न्यूनन की हमारी वर्तमान समझ को गहन रूप से परिवर्तन कर सकता है ।



क्षोभकारी गति (बायाँ) तथा बहुलक बल (दायाँ) Re= 800, De = 65, β=0.6 तथा k = 1 के लिए अस्थिर साधन के लिए क्षेत्र ।



अक्षीयगति के लिए अस्थिर केंद्र-साधन पार्श्व विधि प्रकार्य (बायाँ) तथा Re -> ∞ एवं De -> ∞, जो निशित De/Re ½ (k = 1 एवं β = 0.5 की सीमा में मापित सीमा-परत समन्वयन में त्रिज्यीय गति (दायाँ)

चल रहे अनुसंधान प्रयत्नों में सम्मिलित होते हैं - स्थलाकृति वानीय अ-नगण्य परिवेश बहावों में बिंदुकाओं से उष्णता या द्रव्यमान के परिवहन की संवहनी दर के प्राक्कलन हेतु एक नवल प्रणाली विज्ञान का विकास करना है, जो ऐसे दृश्यों की पोषकता की आधारभूत समस्या रही है, जिसमें सम्मिलित होती हैं - पृथक्करण प्रक्रियाएँ जैसेकि द्रव-द्रव निष्कासन, आंतरिक दहन (अभियंत्रों) इंजनों फुहार (शीकरण) शुष्कन उत्सर्जन, मेघ-संघनन केंद्र का वर्धन आदि ।

जीवाणुवीय निलंबनों की गतिकी तथा धारा प्रवाहिकी पर चल रहे अनुसंधान ने इन प्रणालियों में एक नवल अपरूपण-आवेशित पट्टिकाकरण अस्थिरता की पहचान को अग्रसर किया है, जिससे उस जननीय अपरूपित अवस्था परतीय क्षोभकारिताओं के अधीन अस्थिरताओं के प्रति अतिसंवेदनशील बन जाती है ।

हमने उच्चावचन धवन एवं अवपात (दौड़ व गिराव) समीकरण पर आधारित एक नवीन विश्लेषणात्मक ढाँचे को विकसित करने का कार्य प्रारंभ किया है, जिसका उपयोग जीवाणुवीय निलंबनों में अ-संतुलित उच्चावचन के पात्र के विश्लेषण के लिए किया जाएगा ।

संतोष अंसुमाली, Ph.D.

सहयोगी प्रोफ़ेसर

संगणात्मक द्रव गतिकी, क्षोभकारी बहावों के अनुरूपनों की चुनौतियाँ बनी रही हैं । यह तो विशिष्ट रूप से सही है कि अगर हम मार्गस्थ (स्थिर अवस्था से भिन्न) व्यवहारों का अनुरूपन करना चाहें या वह बहाव धन-काय (अवस्था) से पृथकृत हो जाए तो वह तेजी से प्रवाहित होगा । विमानों CFD (संद्रग) के पारंपरिक अभिगमों के लिए भारी चक्रवातों पर लघु माउ (मात्रा) के प्रभावों को संख्यापित (संयुज्य) करनेवालों स्पष्ट (अनुभव-जन्य) प्रयोगमूलक नमूनों के सृजन की आवश्यकता होती है । अनुरूपनीय द्रव बहाव के लिए जालक वोल्टजमन्न परिकलन प्रक्रियाएँ पारंपरिक पद्धितियों के प्रति जनप्रिय विकल्प बन गई हैं, जो व्यापक रूप से समानांतर संगणना-पर्यावरणों के आर-पार उनकेसरल कार्यान्वयन तथा रेखीय मापनीयता के कारण वे नेवियर-स्टोक्स समीकरणों के प्रत्यक्ष समाधान प्रदान करती हैं । परंतु ये परिकलन प्रक्रियाएँ तब अस्थिर बन जाती हैं, जब निम्न श्यानता या उच्च स्थानिक प्रवणता स्थितियों के साथ अनुरूपनकरते समय, वहाँ पर परिभ्रमणीय कणों का वितरण - आदर्श मैक्सवेल-वोल्टजमन्न वितरण से अतिदूर विचलित हो जाती हैं । इन भारी विचलनों के निर्बंध तथा स्थिरता की पुनर्स्थापना के प्रतिएक मानक अभिगम ही उत्क्रम-मापी बोल्ट्जमन्न नमूना (ELBM) रहा है, जिसमें सम्मिलित है एक ऐसी अतिरिक्त माँग है जो प्रणाली का उत्क्रम-मापी विकास के प्रत्येक चरण के पर्यंत न्यूनीकृत कर देता है (1) । निखर समाधान के अभाव में यह ELBM (उ.जा. बो.न.) उन पुनरावृतीय पद्धतियोंका उपयोग करता है, जिसमें सम्मिलित होती है - संगणनात्मक महँगी गणितीय प्रकार्य निहित होते हैं, जो एक अंकात्मक समाधान प्राप्त कर सकते हैं । उत्क्रम-मापी की समता की माँग के स्थान पर, हमने असमता पर आधारित, जो आवश्यक रूप से न्यूनीदृत न होने वाले ऊष्मा-गतिकी-उत्क्रम-मापी के द्वितीय नियम को प्राप्त करने का निर्णय किया है । ऐसे करने में समस्या ने अ-रेखीय असमता का समाधान प्रदान करने की नई भूमिका की खोज में प्रवृत किया है । हम अ-रेखीय असमता के प्रति ऐसे निखर समाधान का पता लगा रहे हैं, जो बोल्ट्त्मन्न समीकरण (2) के अनुसार जालक पर परिभ्रमणीय कणों पर ऊष्मा-गतिकी के द्वितीय-नियमको प्रवर्तित करता है । इन समाधानों का

उपयोग करके हम एक ऐसी परिकलन प्रक्रिया को सूत्रबद्ध कर रहे हैं, जो अप्रतिबंध रूप से स्थिर होती है तथा वह अर्थपूर्ण रूप से (कम) अल्प संगणात्मक संसाधनों का उपयोग करती है तथा (अंतरिक्ष) वायुयानों, मोटार-कारों तथा अन्य औद्योगिक (प्रणालियों)साधनों के लिए निखरता ल्स अनुरूपन करने वाली ऊष्मा-गतिकी में विक्षोभ के लिए स्पष्ट नमूनों के उपयोगों को पुनर स्थापित करती हैं । इस नई परिकलन प्रक्रिया के कौशल के प्रदर्शन के रूप में, हमने त्रय-मान संगणना-गुच्छ पर स्टाल-कोण के आरपार के आक्रमण के कणों के लिए न्यूनतम मानदंड-वायु-पर्णी के वायु बहाव त्वरितता के अस्थाई अनुरूपन का निष्पादन किया है । इन अनुरूपनों में प्रयोगात्मक परिणामों के साथ उत्कृष्टता से सुमेल होते हैं, जो एक साहसिक कार्य रहा है तथा वह जो अब तक अलभ्य रहा है । निम्न संगणना अपेक्षा (आवश्यकता) तथा अनुरूपन की जब निखरता में वह विशिष्टताएँ रही हैं कि उसमें निकट-भविष्य में पंच - माने गुच्छों पर हाव-त्वरितता सपूर्ण वायुयानों तथा मोटार-कारों के सदस्यता से अनुरूपन में परिकलन प्रक्रिया का विभव होता है ।



चित्र : आक्रमण कोण 12^{O} तथा रोनाल्ड नं - 5 X 10^{4} पर स्टाल में NA CA 0012 वायु-पर्ण का दर्शन

दिवाकर एस. वेंकटेशन, Ph.D.

संकाय अधिसदस्य

इस सूक्ष्म-गुरुत्व में फेरडे अस्थिरता के गुणधर्म वर्णन के लिए परवलयक उड्डयन प्रयोग में कार्यनिरत हैं । इस कार्य को सीएनईएस (फ्रेंच अंतरिक्ष एजेन्सी) परवलयक उड्डयन अभियान के अंश के रूप में 27 मार्च, 2017 तथा 7 अप्रैल, 2017 के मध्य में आयोजित के अनुसार संचालित किया गया है । इन प्रयोगों के परिणामों ने प्रथम-बार इसकी पुष्टि की है कि गुरुत्व द्वारा लिए गए पात्र द्वंद्व होते हैं जहाँ पर यह स्पंदन की निम्न आपतियों पर स्पंदक द्रव प्रणाली को अधिक स्थिर बना देती हैं तथा उच्चतर आवृत्तियों पर इसके विरुद्ध कार्य होता है । प्रयोगों ने प्रत्यक्ष रूप से ऐसे प्रति-अंतर्दर्शी स्थिरीकरण



चित्र: सामान्य गुरुत्व एवं सूक्ष्म गुरुतव में परिभ्रमणीय अंतरापृष्ठीय ।

को दर्शाया है जो अंतरापृष्ठीय तनाव के न्यूनन में परिणत हो सकता है ।

रोद्दम नरसिंह, Ph.D., F A Sc., FNA, F.T.W.A.S, F.R.S.

मानद संकाय

मेरे समूह में संचालित अनुसंधान में 3 क्षेत्र हैं : प्रयोगालयी प्रयोगों तथा ही संगणना अनुरूपणों के द्वारा मेघों की द्रव-गतिकी का अध्ययन; 2डी विक्षोभ-मुक्त अपरूपण परतों के लिए भ्रमिल (चक्रवाती) अनिल नमूना; तथा संकीर्ण बहावगत अनिल जलदाब यंत्र फलकों का सीधा अंकात्मक अनुरूपण (डीएनएस) ।

यह प्रदर्शित किया गया है कि स्थानिकता विकसित 2डी विक्षोभमुक्त अपरूपण बहाव के लिए भ्रमिल (चक्रवरती) अनिल (बिंदु-चक्रवाती) नमूना-वैश्विक वृद्धि दर में परिणत होता है, जो आश्चर्यजनक रूप से उच्च रेनाल्ड नंबर प्रयोगों (चित्र देखें) से प्राप्त डाटा के निकट अनुरूप वाला होता है । यह अनुरूपता महत्वपूर्ण है क्योंकि यह नमूना अल्पतम है । यह केवल एक ही गतिकीय सूत्र (केल्विन - सिद्धांत) को प्रतिपादित करता है तथा एक ही गतिकीय उपकरण का उपयोग करता है (बियॉट - सवर्ट - संबंध) । और आगे यह नमूना कोडकरण के लिए अति सुलभ है । परत के पर्यंत प्रत्येक गति अनुपात पर वैश्विक वृद्धि दर का क्षेत्र आरंभिक थितियों में स्वतंत्र होता है; भ्रमिलताओं की संख्या तथा औसतन समष्टि के आकार को न्यूनतम संगणना - समय के लिए अनुकूलित किया जा सकता है ।

विगत दो वर्षों में प्रमुख उपलब्धि रही है कि अनिल जलदाब यंत्र फलकों पर से संबंधित तीन परियोजनाओं की समाप्ति उनमें से दो - अनिल जलदाब यंत्र अनुसंधान स्थापना (जीटीआरई) जो बेंगलूर के डीआरडीओ के अधीन थीं तथा तीसरी परियोजना - उन्नत अंकात्मक अनुसंधान एवं विश्लेषण समूह (ANURAG) थी जो DRDO, हैदराबाद के अधीन थी । इस परियोजनाओं में सम्मिलित थे व्यापक रूप से अध्ययनित निम्न दाब जलदाब यंत्र (एलपीटी) फलक Ti06A पर डीएनएस अन्वेषण । आंतरिकता से विकसित ANURAG का उपयोग करते हुए Ti06A के DNS अध्ययनों के लिए संगणना कोड को अनुसमर्थन दिया गया, जिसने फलकों (ब्लेडों) पर सम्मिश्र बहावों के विभिन्न पद्धतियों की आधारभूत भौतिकी के मूल्यवान संकेत उपलब्ध कराया है । उच्च विभेदक एएनयूआरएजी - धवन सरलतर बहाव संरचनाओं को दर्शाता है ।

यह प्रदर्शित किया गया है कि (सीपीयूएस के साथ) लेखा चित्र प्रक्रियन इकाइयों/GPUS का उपयोग संगणना समय तथा निष्पादन में भारी लाभ उपलब्ध करा सकता है ।



गति-अनुपात प्राचल के प्रकार्य के रूप में चक्रवात - अनिल अनुरूपन द्वारा क्षोभकारी-मुक्त अपरूपण (प्रतिबल) परत की स्व-संरक्षण व्याप्त दर । संपूर्ण-लाल-रेखाओं को के 9 मूल्यों को डाटा-बिंदुओं पर सहाज सक्षम के रूप में दर्शाया गया है । जिसकी तुलन अस्थायी चक्रवात अनिच के साथ की गई है (डैश रेखाएं), प्रयाग (बिंदु) तथा (बी में स्थित) 2D तथा (बी में स्थित) 2D तथा 3D LES तथा 2D DNS अध्ययन । "द्रव भौतिकी-29, 020705 ; 2017)

एकक सदस्य

अध्यक्ष
श्रीनिवास के आर, Ph.D.

प्रोफ़ेसर
श्रीनिवास के आर, Ph.D.
मेहबूब आलम, Ph.D.
गणेश सुब्रमणियन, Ph.D.

सहयोगी प्रोफ़ेसर
संतोष अंसुमाली, Ph.D.

संकाय अधिसदस्य
दिवाकर सेय्यनूर वेंकटेशन, Ph.D.

वरिष्ठ प्रोफ़ेसर (मानद प्रोफ़ेसर)
आर नरसिंह, Ph.D., F A Sc., FNA, F.T.W.A.S, F.R.S.

अनुसंधान सहयोगी
सैफुद्दीन, आकांक्षा बोहरा, तनुमोय धर, निशांत सोनि, स्वस्तिक हेगडे, प्रशांत रमेश, पुलकित कुमार दूबे, अल्बिन प्रिंस जॉन, बिस्वदीप रॉय, मोहम्मद अतिफ, मयंक तोप्रि, अघोर प्रतीक प्रशांत, समर्थ अगरवाल, अक्षयसिंह भवरसिंह शेख़ावत, बंगार सरिका शिवाजी, पियूश गर्ग, शौर्या कौशाल, अरुण कुमार वारणासी, प्रतीक आनन्द, प्रवीण कुमार के, मोहम्मद रायफुद्दीन, महान राज बैनर्जी, संकल्प नंबियार, राम कृष्ण रोंगलि, सुनील वी भारद्वाज, शशांक एच जे, वैभव जी आर, के. सिद्धार्थ

अनुसंधान सहयोगी
मारुति एन एच, सैकत साहा, एस रविचंद्रन, धीरज कुमार सिंह, दीपक गोविंद मडिवाल, किशोर सिंह पटेल, रामकृष्ण रोंगलि, अनीश प्रभाकर

अनुसंधान सहयोगी (पी)
सुनिल भारद्वाज

SERB राष्ट्रीय PDF
नंदु गोपन, लक्ष्मीनरसिंहराव

SERB युवा वैज्ञानिक अधिसदस्य
शैलेंद्र कुमार सिंह

अनुसंधान एवं विकास सहायक
सोहिनी गंगूलि, संकल्प राधाकृष्णन नंबियार
रोहेत राधाकृष्णन, प्रवेश शुक्ला

प्रायोजित परियोजनाएं / अकादमिक / प्रकाशन

संकायों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

रोद्दम नरसिम्हा
मैसूर अलमुनी एसोसिएशन (6 फरवरी 2016) विश्वविद्यालय की शताब्दी वैश्विक पूर्व छात्रों की बैठक में विशिष्ट पूर्व छात्र पुरस्कार

शैक्षिकी

5 विद्यार्थियों को प्रवेश
3 उत्तीर्ण

विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

नवनीथ केएम
रॉडडम परिवार पुरस्कार
पीएचडी के लिए सर्वश्रेष्ठ थीसिस, JNCASR

नकुल पांडे
रॉडडम परिवार पुरस्कार
एमएस (Engg.) के लिए सर्वश्रेष्ठ थीसिस, JNCASR

प्रायोजित परियोजनाएँ

5 नई परीयोजनाएँ ₹ 16,25,570
8 चल रही परीयोजनाएँ ₹ 80,41,978

प्रकाशन

12 जर्नल लेख
5 सम्मेलन लेख

भूगतिकी एकक (GDU)

इस एकक के प्रमुख उद्देश्यों में एक है - केंद्रीय तथा पश्चिमी हिमालय में प्रमुख क्षेप-पट्टिकाओं का गुणधर्म वर्णन, हिमालयी-भूकंपन के उनके पात्र के मापन करने का रहा है । भूकंप-इतिहास तथा भू-गणितीय (अल्पांतरी) अध्ययनों से यह विवरण मिला है कि प्रमुख भूकंप को पोषित करने में इन क्षेत्रों में अधिक प्रवृत्ति रही है । 2017-2018 अवधि के दौरान इस एकक ने अपना ध्यान हिमालय की भूकंप विवर्तनिकी पर केंद्रीकृत किया है । (क्रि.श. 1803 तथा 1833) के सहस्राब्दी उत्तरार्ध के दौरान भूकंप के स्थानों, भंगों तथा आकारों को प्रलेखबद्ध किया गया है, परंतु (वःतः1255, 1344 तथा 1505) सहस्राब्दी के पूर्वार्ध के बारे में अस्पष्टताएँ रह जाती हैं । भूकंप-विज्ञानीय तथा भूविज्ञानीय उपकरणों का उपयोग हिमालय चाप तथा इसके निकटस्थ प्रदेशों के भूकंप-तंत्र के अन्वेषण के लिए किया गया है । इस एकक ने अपना ध्यान भारतीय समुद्र-तटों के सुनामी आपद् क्षेत्रों तथा हिमालयी-क्षेत्र में जलवायु विकास पर विभिन्न भूवैज्ञानिक प्रतिनिधिकों के उपयोग द्वारा केंद्रीकृत किया है । एकक के कुछ सदस्य रोचक भूगतिकीय विषयों पर पुस्तक-रचना में कार्यरत रहे हैं ।

अनुसंधान क्षेत्र

- हिमालय के आरपार विवर्तनिकी तथा भूकंप निर्माण प्रक्रियाएँ ।
- महाद्वीपीय अंतर्प्रदेश की नव विवर्तनिकी तथा भूकंपनीयता ।
- अंदमान-निकोबार उपप्रस्थ अंचल तथा हिंद महासागर के आरपार भूकंपीय प्रक्रियाएँ ।
- भारत के पश्चिमी तथा पूर्व समुद्र-तटों के आरपार सुनामी-ज़ोखिम (आपदा) निर्धारण ।
- केंद्रीय हिमालय में पश्च चतुर्थ युगीन जलवायु - परिवर्तन की पुरसंरचना ।

अनुसंधान विशिष्टियाँ

1. प्रो. वाल्दिया की विशेषज्ञता का क्षेत्र है सक्रिय त्रुटियों तथा पर्यावरणीय-भूविज्ञान के विशेष संदर्भ के साथ विवर्तनिकी । वे 'भारतीय उपमहाद्वीप में नव विवर्तनिकी' शीर्षक पुस्तक के सह-लेखक रहे, जिसका प्रकाशन 2017-18 में एल्सेवियर द्वारा किया गया है ।
2. प्रो. C.P. राजेंद्रन तथा उनके समूह ने भारत में भूकंप स्रोत अंचल के दीर्घावधि व्यवहार का अध्ययन किया है । उनका प्रमुख ध्यान हिमालयी भूकंपों की भूकंपजननीयता नियंत्रण करने पर केंद्रीत रहा है ।

अनुसंधान कार्याकलाप तथा उपलब्धियाँ

के. एस. वाल्दिया, Ph.D., FASc, FNA, FNASc, FTWAS

मानद प्रोफ़ेसर और अध्यक्ष

हमने ऐसी पट्टियों की पहचान कर ली है, जहाँ एकाएक तथा द्रुतगामी भूवैज्ञानिक परिघटना होने की संभावना होती है । हमारे अध्ययनों का ध्यान ऐसे अतिसंवेदनशील प्रदेशों पर केंद्रीकृत है जैसेकि हिमालय चाप के केंद्रीय सेक्टर (अंचल) (उत्तरांचल में कुमाऊँ) दक्षिण-पूर्व (आज्ञेय) कर्नाटक में बिलिरंगन क्षेत्र तथा पश्चिम कर्नाटक तथा केंद्रीय केरल में सह्याद्रि क्षेत्र । इन क्षेत्रों में घटित होनेवाले भौतिकीय परिवर्तनों की पहचान पारिस्थितिकीय मानचित्रों की पद्धति तथा उपग्रह प्रतिबिंबता (प्रतिमावाली) क्षेत्र-कार्य तथा विवर्तनिकी की ओर नदियों तथा झरनों के असामान्य व्यवहारों के द्वारा कर ली गई है । प्रो. के.एस. वाल्दिया तथा जैश्री सांवाल (सह-लेखक) ने एक पुस्तक का प्रकाशन कराया है, जिसमें वर्णित हैं - भारतीय उपमहाद्वीप के विभिन्न विवर्तनिकीय भू-आकारिकीय इकाइयाँ तथा सक्रिय त्रुटियों के संचलनों से परिणत होनेवाले संरचनात्मक तथा भौतिक भूगोलीय परिवर्तनों के इतिवृत्त । यह पुस्तक उन क्षेत्रों तथा पट्टियों की पहचान करती है - जो नव-विवर्तनिकी कार्यकलापों से परिणत होने वाले भूवैज्ञानिक जोख़िमों से प्रभावित है तथा ये नव-विवर्तनि की संचलन की सूचना परिणामस्वरूपी भू-दृश्यों तथा अपवहन (ड्रेनेज) प्रणाली के रूपांतरण के बारे में सूचना उपलब्ध कराती है ।

सी.पी. राजेंद्रन, Ph.D.

वरिष्ठ सहयोगी

हमने हिमालय की तराइयों के निकट भंग हुए प्रमुख अग्र भाग क्षेप के किसी ज्ञात ऐतिहासिक भूकंप (अर्थात् 1803 घटना स्रोत उत्तरकाशी के निकटवाला) होने के बारे में अन्वेषण किया । कुमायूँ हिमालय में नैनीताल के दक्षिणी स्थल पर भू-वैज्ञानिक अध्ययनों ने यह सुझाया है कि ई.स.1266 के बाद तथा ई.स.1636 के पहले इस स्थल पर संभवत: निम्न-कोण विस्थापन के एकमात्र

घटना हुई होगी (चित्र.1) । MFT (प्र.अ.क्षे.) के पर्यंत खंदक खंड के वीक्षणों ने यद्यपि इस पूर्वधारणा का समर्थन किया है, कि 1803 का भूकंप ने MFT (चित्र-1) का भंग नहीं किया । हम यह अनुमान लगाते हैं कि यद्यपि, MHT (प्रमुख हिमालय क्षेप - हिमालय के अंतर्गत (वियोजित) पृथकृत सतह, चित्र-2 देखें) में डिकोल्लेमेंट (निम्न-भंग) रहा, 1803 के भंग ने MFT की पहुँच के निकट कुछ पृष्ठप्रदेशी संरचना पर स्थान उपलब्ध कराया होगा तथा 1905 काँगड़ा तथा हाल ही के 2015 गोड़खा (नेपाल) के भूकंपों के समान अप्रत्यक्ष क्षेप भूकंपों (M~7.5) के स्थान के साथ तुलना की गई है । हमने 1991 उत्तरकाशी (Mw 6.7) तथा 1999 चमोली (Mw 6.5), गढ़वाल हिमालय में पश्च विशाल-पट्टिका उपकरणन युग में केवल सामान्य भूकंपों के लिए नये स्रोत नमूनों को विकसित कर लिया है । हमने यह सिद्ध किया है कि ये भूकंप MHT (प्रमुख हिमालय क्षेप - हिमालय के अंतर्गत पृथकृत (वियोजित) सतह - चित्र-2) के समतल से उद्भव हुए हैं तथा दक्षिण-पश्चिमी (नैऋत्य) दिशा की ओर रहे - जो Mw 7.3, 12 मई 2015 नेपाल भूकंप के समान थे । साथ ही ऐतिहासिक 1803 उत्तरकाशी भूकंप (Mw~7.5) MHT में उद्भव हुआ था । यद्यपि, वह भंग दक्षिण की ओर फैल गया, हमने प्रमुख अग्रभाग क्षेप (MFT) में भंग नहीं किया - जैविकि चित्र-2 में दर्शाया गया है ।

हमें अध्ययनों के लिये निधि की सहायता पृथ्वी - विज्ञान मंत्रालय से दी गई है । हमने भा.वि.सं. के अपने सहयोगकर्ताओं के साथ पृथ्वी - विज्ञान समीक्षा (ESR चित्र-3) के लिए हिमालय-चाप पर्यंत अभिलेखबद्ध सभी महत्त्वपूर्ण भूकंपों के भूकंपीय स्रोत व्यवहार की परीक्षा की समीक्षा तैयार की है ।

हमने संभाव्य अध्ययन-स्थलों की पहचान कर ली है तथा भारत के पूर्वी समुद्र-तट पर सुनामी-संकट के मूल्यांकन किया (परमाणु विज्ञान के अनुसंधान बोर्ड (BRNS) द्वारा निधियन) । एक और प्रवर्तन यह अध्ययन करने के लिए कि पश्चिमी हिंद महासागर के सुनामी-संकट; विज्ञान को नीति तथा व्यवहार (अन्वयन) में एकीकरण करने की ओर कदम जो प्राकृतिक पर्यावरण अनुसंधान परिषद; वैश्विक अनुसंधान निधि, यू.के. द्वारा निधियनवाला था ।

हमारे प्राचीन-जलवायु अध्ययन के अधीन हमने द्वार्हाट ग्राम



चित्र 2: भारी भूकंप 1803 (MW~7.5) के स्तर के संभाव्य भंग को दर्शानेवाले केंद्रीय हिमालय का सामान्यीकृत तिर्यक खंड । यह भंग दक्षिण की ओर समनांतरी रूप से प्रसारित होता है तथा पृष्ठ प्रदेशी संरचना में समाहित होता है । (राजेंद्रन तथा अन्य. 2018 तथा उसका संदर्भ देखें. प्रकाशन सूची)



चित्र 1: (a) अध्ययन स्थल के निकट की त्रुटियों के वितरणों को दर्शानेवाला अध्ययन स्थल का गूगल मान चित्र ।
(b) छायाचित्र यह दर्शाता है कि ये वर्तमान खंदक R1, आंशिकरूप से त्यक्त खंदक R2 तथा पूर्व में अध्ययनित खंदक M1 रहे हैं ।

कुमायूँ - केंद्रीय हिमालय के निकट अनावृत नदीय-सरोवरीय खंड का उपयोग करके पश्च चतुर्थयुगीन जलवायु परिवर्तन पुरसंरचना की है (चित्र-4) । स्थिर कार्बन, समस्थान ($\delta^{13}C$) का उपयोग करके,हमने यह सुझाया है कि पूर्व-मध्य आधुनिक के प्रति मध्य अभिनूतन संबंधी जलवायु-घटनाओं के दो प्रमुख वृत्तांतों को अंतिम हिमनदीय उच्चतम सीमा (LGM) तथा पुरातन शुष्कता (ड्राइस) (YD) के साथ संतुलित होते दर्शाया गया है । हमने AMS रेडियो कार्बन युग का उपयोग करके कालक्रमता को सिद्ध किया है (चित्र-5) । कार्बन समस्थानों के मूल्य - 23% से - 14% के बीच में विभिन्न रूप के रहे जो पूरे पार्श्व चित्र (विवरणिका) के पर्यंत वनस्पति (सस्य) पद्धति में अंतर को अंकित करता है (चित्र-5) । विवरणिका का निम्न भाग पर C_3 रूपी सस्य (वनस्पति) द्वारा प्राधान्यता थी - जो उष्ण तथा आर्द्र स्थितियों का सूचक था । शीत तथा निर्जलअवधि के आरंभिक उपक्रमण C_3 से C_4 पादप-प्रकारों ले सस्य पद्धति में क्रमश: स्थनांतरण को सिद्ध करता है । अंततोगत्वा $\delta^{13}C$ का मूल्य इस अवधि के दौरान घट जाता है तथा इसकी पुष्टि होती है कि शीतकालीन पश्चिमाभिमुखता को बलवर्धित करते हुए शीत तथा निर्जल दीर्घीकृत प्रावस्था होती है । इस शीतकाल की अवधि का दिनांक-19000 वर्ष BP - वैश्विक शीतकालीन घटना (LGM) के अनुरूप होता होगा । हमने यह दर्शाया है कि इस अवस्था को तल से 200cm ऊपर देखा गया है, जो क्रमश: धीरे-धीरे उष्ण तथा आर्द्र जलवायुमें परिवर्तित ह C_3 ओता है जो हिमनदीय अवधि के अंत्य को अंकित करता है । C_3 पदार्थों में वृद्धि की प्रवृत्ति यह दर्शाती है कि इस अवधि के दौरान भारतीय ग्रीष्म मान्सून (ISM) गहन हो गया । यह अल्पावधि, फिर भी प्रमुख उष्ण कील (छेदन) प्राय:15,000 वर्ष BP में बॉल्लिंग-अल्लेरॉड (Boiling-Allerod) हंटर स्टाइडियल के दोलन से संबंधित था ।



चित्र 3: (a) मकरान उप प्रत्यस्य अंचल (MSZ) को दर्शाने वाली भारो-यूरेशिया पट्टिका (प्लेट) सीमा; हिमालयी चाप (HA), भारो-बर्मा-प्रदेशों (रेंज) (IBR) तथा अंदमान-सुमात्रा उप प्रत्यस्थ अंचल (ASSZ).

(b) हिमालय तथा इसके निकटस्थ क्षेत्रों में महत्वपूर्ण भूकंपों को दर्शानेवाला मानचित्र । लाल तारे - आधुनिक काल की घटनाएँ (MWZ6.3) भूरे तारे - ऐतिहासिक भूकंप (M>7) त्रिकोणों के साथ गाढ़ीकाली रेखाएँ - अभिसारी पट्टिका सीमा । काली रेखाएँ - प्रमुख त्रुटि प्रणालियाँ ।

(c) प्रमुख केंद्रीय क्षेप (MCT) को दर्शानेवाले केंद्रीय हिमालय के सामान्यीकृत तिर्यक खंड (भागा) । प्रमुख सीमाक्षेप (MBT); प्रमुख अग्रभाग क्षेप (MFT), दक्षिणी तिब्बतीय पृथक्करण (अलगाव) (STD), तथा भारो-सांगपो सुतुर अंचल (ITSZ) पृथकृत पट्टिका मुख्य हिमालय क्षेप के साथ अनुरूप्वाली होती है (MHT) (राजेंद्रन तथा अन्य, 2017 तथा उसके संदर्भ प्रकाशन सूची देखें)



चित्र 4: (a) विभिन्न मान्सून प्रणालियों की प्रवृत्तियों के साथ अध्ययन-क्षेत्र (द्वार हाट पुरातन सरोवर) के स्थान को दर्शानेवाला मानचित्र (ISM, EASM तथा WDS)

(b) अध्ययन क्षेप का भूवैज्ञानिक मानचित्र ।

(c) द्वार्हाट पुरातन सरोवर (पालियोलेक)के अध्ययन का DEM चित्र ।

(d) प्राचीन सरोवर निक्षेप के क्षेत्र - अनावरण ।



चित्र 5: (a) प्राचीन सरोवर पार्श्व चित्र (विवरणिका) का अभिलेख
(b) द्वारहाट विवरिणी में $\delta^{13}C$ के परिवर्तन (अंतरण) के परिणामों को दर्शानेवाला लेखा-चित्र ।

एकक सदस्य

अध्यक्ष
के.एस. वाल्दिया, Ph.D., F A Sc, F N A, F N A Sc, F T W A S

वरिष्ठ सहयोगी
सी.पी. राजेंद्रन, Ph.D.

अनुसंधान विज्ञानी
जैश्री सांवाल, Ph.D.

अनुसंधान सहयोगी
आनंदसबरी

अनुसंधान सहयोगी
रेवती एम., परमेश्वरन

डॉक्टरोत्तर अधिसदस्य
तुलसी रामन नटराजन

अनुसंधान सहायक
पी.एम. सुरेश कुमार

प्रायोजित परियोजनाएं / प्रकाशन

प्रायोजित परियोजनाएँ

3 चल रही परीयोजनाएँ

₹ 54,02,395

प्रकाशन

2 संघात घटक जर्नलों में कुल जर्नल लेख
1 पुस्तक
16 पुस्तक अध्याय

अंतर्राष्ट्रीय पदार्थ विज्ञान केंद्र (ICMS)

जवाहरलाल नेहरू वैज्ञानिक अनुसंधान केंद्र के अंतर्राष्ट्रीय पदार्थ विज्ञान केंद्र उच्च संघात विज्ञान की अंतर्शाखाओं में अनुसंधान कार्य करने, सहयोगों के उन्नयन हेतु वैयक्तिक आदान-प्रदान, चर्चाओं एवं बैठकों के आयोजन के लिए तथा उन्नत पदार्थ विज्ञान में शिक्षा के उन्नयन के लिए समर्पित है । ICMS (अंपविकें) को 3 दिसंबर, 2008 के दिन भारत के तत्कालीन प्रधान मंत्री डॉ. मनमोहन सिंह द्वारा राष्ट्र को समर्पित किया गया है । यह केंद्र भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग (DST) द्वारा आर्थिक रूप से सहायता प्राप्त करता है तथा प्रो. सी.एन.आर. राव, F.R.S. द्वारा निर्देशित है ।

दि.3 दिसंबर, 2011 को रास-अल-खैमह उन्नत पदार्थ (RAK-CAM) केंद्र के साथ - प्रो. ए.के. चीतम, F.R.S., अध्यक्ष RAK-CAM के वैज्ञानिक परामर्शी (बोर्ड) तथा प्रो. MRS राव, अध्यक्ष, JNC-ASR के बीच में एक समझौता-ज्ञापन पत्र पर हस्ताक्षर किए गए । RAK-CAM द्वारा प्रदत्त सहायता का उपयोग, ICMS में शेख सर्क़ प्रयोगालय (SSL) की स्थापना करने विभिन्न कार्यकलापों, व्याख्यानों तथा अधिसदस्यताओं के लिए किया जाता है ।

केंद्र ने weizmann, SISSA, RMIT ऑस्ट्रेलिया, वाटरलू, केनडा, मैंचेस्टर विश्व विद्यालय जैसी अग्रणी अंतर्राष्ट्रीय अनुसंधान संस्थाओं के साथ अनेकों सहयोग स्थापित कर लिए हैं तथा समझौता-ज्ञापनों पर हस्ताक्षर करदिए हैं, जिनके अंतर्गत निरंतर तांत्रिक (तकनीकी) बैठकों तथा कार्यशालाओं द्वारा एवं अनुसंधानकर्ताओं के साथ लगातार आदान-प्रदान होते रहते हैं । यह केंद्र EICOON, WMRIF तथा IUSSTF जैसे अनेकों अंतर्राष्ट्रीय मंचों का सदस्य रहा है ।

Ph.D तथा M.S. उपाधि कार्यक्रमों, अल्पावधि दौरों के लिए यह ICMS आर्थिक सहायता प्रदान करता है तथा पदार्थ-विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा देता है । यह एकक RAK-CAM कार्यक्रम के अधीन कनिष्ठ तथा वरिष्ठ अधिसदस्यताएँ अल्पावधि आगंतुक कार्यक्रम प्रदान करता है । साक्षात्कारों में अपने-अपने निष्पादन के आधार पर Ph.D तथा M.S. कार्यक्रमों के अधीन JNCASR द्वारा छात्रों को प्रवेश दिया जाता है तथा उन्हें सन्नद्ध सुविधाओं का उपयोग करने के लिए राष्ट्रीय/अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों, बैठकों में उपस्थित होने के लिए विभिन्न सहयोगों तथा आदान-प्रदान कार्यक्रमों के अधीन अन्य विश्व विद्यालयों से आगंतुक बनकर जाने के लिए अवसर दिए जाते हैं ।

अनुसंधान के क्षेत्र

- घन अवस्था एवं संरचनात्मक रासायनिकी
- स्व-संयुज्य नानो-संरचनाओं की विषम अधस्तरीय वृद्धि तथा रूपण
- विपथन संशोधित उच्च विभेदन
- प्रसारण विद्युदणु सूक्ष्म-दर्शी
- अर्ध-चालक नानो-संरचनाएँ
- मृदु संघनित पदार्थ भौतिकी
- जैविक-अजैविक संकअ पदार्थ
- नानो-पदार्थों की भौतिकी एवं रासायनिकी

अनुसंधान विशिष्टियाँ

अंतर्राष्ट्रीय पदार्थ विज्ञान केंद्र (ICMS) का आविर्भाव उच्च प्रभाव (संघात) विज्ञान की अंतर्शाखा-अनुसंधान के लिए देश-भर में अग्रणी सुविधा वाले केंद्र के रूप में हुआ है । संकायों तथा छात्रों की उत्कृष्ठता ने एक प्रगतिपूरक वातावरण का सृजन किया है । पूर्व योजित के अनुसार विभिन्न अनुसंधान अधिसदस्यता कार्यक्रम स्नातकोत्तर डिप्लोमा कार्यक्रम प्रगति पर रहे हैं । अंतर्संरचना तथा अनुसंधान सुविधाओं में निरंतरता से वृद्धि हुई है । उच्च-निष्पादन संगणना सुविधा तथा H_2O विघटन प्रयोगालय पूर्णरूप से प्रचलनात्मक हो गए हैं । अन्य चल रहे अनुसंधान कार्यक्रम हैं - पदार्थ रासायनिकी सतही भौतिकी, मृदु संघनित पदार्थ तथा निम्न आयाम पदार्थ तथा पदार्थ-विज्ञान के अन्य पहलू । नवोन्मेषी अनुसंधानों के अतिरिक्त ICMS ने JNCASR में तथा बाह्य स्थानों पर संगोष्ठियों, स्कूलों तथा सम्मेलनों का आयोजन किया है । इस ICMS ने सम्मेलनों तथा कार्यशालाओं के लिए वित्तीय सहायता भी प्रदान करता है ।

अनुसंधान कार्याकलाप तथा उपलब्धियाँ

सी.एन.आर. राव, F.R.S., Hon. F.R.S.C., Hon. F. Inst. P.
निदेशक

मेरे प्रयोगालय में एक प्रमुख प्रयत्न रहा है - H_2O तथा CO_2 का न्यूनन प्रकाश रासायनिकता से या प्रकाश विद्युत-रासायनिकता से करना । फास्फोरिन तथा MoS_2 जैसे दो आयामीय पदार्थ हमारी बड़ी रुचि के विषय रहे हैं । हाल ही के महीनों में, हमने Zn_2NF तथा TiNF जैसे नये पदार्थों के प्राप्त कर लेने हेतु अलियोवेलंट ऋणायन प्रतिस्थानन के साथ ऑक्साइडों तथा सल्फाइडों के निर्माण तथा गुणधर्म वर्णन के लिए प्रयत्न किया।. हमारे समूह के तीन प्रमुख विषय हैं:

(1) $Ni/Ni(OH)_2$ / ग्राफाइट अंतरापृष्ठों के उत्पादन के लिए ग्राफाइट छड़ों पर Ni के विद्युत निक्षेपन में अनुक्रमणीय यशदी स्थैतिक तथा विभव-स्थैतिक द्वारा प्राप्त हरित ईंधन के रूप में जलजनक के उत्पादन के लिए सौर-चालित जल-विभाजन के लिए सक्षम विद्युदग्रों की संविरचना । (2) 2D पदार्थों के प्रकार्यात्मक गुणधर्मों के अनुकूलन (नियंत्रण) के लिए परतीय पदार्थों के अनुलंब राशीकरण द्वारा विषम-संरचनाओं का संश्लेषण । (3) शुद्ध जल में कृत्रिम प्रकाश-संश्लेषण को दर्शानेवाले $Cd_4P_2X_3$ (x=u Br तथा 1) सूत्र वाले अर्ध-चालक यौगिकों के परिवार को प्राप्त करने हेतु अलियो-वलेंट ऋणायनों (P^{3-}) (X^-) द्वारा Cds से s के संपूर्ण प्रतिस्थापन का नियोजन (अन्वयन) ।



चित्र : छायाचित्र - (a) ग्राफाइट छड़ पर $Ni/Ni(OH)_2$ अंतरापृष्ठ द्वारा H_2 विकास क्रियाविधि के मूल के यांत्रिकीय ज्ञान के साथ विद्युत-रासायनिक जल विभाजन प्रयोग के दौरान H_2 विकास । 100 mAlcm2 धारा सांद्रता पर वोल्टेज के विरुद्ध समय-ग्राफ (लेखाचित्र) अपने $Ni/Ni(OH)_2$ / ग्राफाइट छड़ विघुदग्र की स्थिरता के परीक्षण को तथा pt तार तथा हमारे विद्युदग्र के बीच में H_2 विकास क्रियाविधि की तुलना को दर्शानेवाला चित्र । (b) परतीय विषम संरचनाओं के निर्माण के लिए त्रयात्मक अधि आण्विक संयोजन अभिगम का योजनाबद्ध स्पष्टीकरण : शुद्ध जल में कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण के लिए अलियोवेलंट ऋणायणों (P^{3-}) तथा (X^-) द्वारा CdS से S के संपूर्ण प्रतिस्थापन के अन्वयन द्वारा C[8]. (c & d) की उपस्थिति में दात्री (नैफ्थाल) रूपांतरित BN (BN-NAP) तथा MoS_2 (MoS_2-Nap) के साथ विषम संरचनाओं को रूप ग्राहित्र (Viologen) रूपांतरित ग्राफेन (G-VN) द्वारा प्राप्त होता है ।

एस.एम.शिवप्रसाद, Ph.D. (CPMU के साथ संयुक्त रूप से)

प्रोफ़ेसर

ध्रुव अर्धचालक से निर्मित फानाकर भित्ति संरचना में 2-आयामीय वाहक परिरोध को प्राप्त करने हेतु एक नवल मार्ग के बारे में सैद्धांतिक रूप से प्रदर्शित किया गया है । इस सैद्धांतिक स्थिति निर्धारण के प्रकाश में फानाकार GaN नानो-भित्ति जालकार्यों में आयंत उच्च विद्युदणु चलनशीलता का पता लगाने के एक हाल ही के प्रयोगमूलक निष्कर्ष का विश्लेषण किया गया है । हमने यह प्रदर्शित किया है कि GaN पतली फ़िल्म की नानो-संरचना सार्थक रूप से संरचनात्मक एवं भूमितिकीय प्रभावों के कारणों में से पट्टिका धार उत्सर्जन को वर्धित करती है । दूसरी ओर आण्विक किरण-पुंज अध-स्तर द्वारा GaN नानो भित्ति जालकार्य (NWN) पर विस्थापन-मुक्त -Q उच्च चलनशीलता InN नानो-छड़ों (NRS) के विन्यास के रूपण हेतु बल गतिकी द्वारा नियंत्रित द्वि-चरण वर्धन प्रक्रिया का प्रदर्शन किया गया है । हम यहाँ पर नाइट्रोजन (सारजनक) जीवद्रव्य (प्लाज़्मा) प्रकटन द्वारा Si (III) सतह को नाइट्राइडेशन के प्रणालीबद्ध अध्ययन की रिपोर्ट देते हैं ।

रंजन दत्ता, Ph.D.

सहयोगी प्रोफ़ेसर

हमने HREELS द्वारा चुंबकीय गुणधर्म-वर्णन हेतु परमाणुवीय समतल विभेदन पर एक मृदु तकनीक को विकसित कर लिया है । हमने TMDs (MoS_2, WS_2) की अधस्तरीय वृद्धि तथा PLD द्वारा BN के साथ उनकी विषम-संरचना का अध्ययन भी किया है । हमने TMDs (MoS_2 WS_2) तथा ReS_2 की मिश्रधातुओं का अन्वेषण भी किया है ।

राजेश गणपति, Ph.D.

सहयोगी प्रोफ़ेसर

मृदु संघनित पदार्थ के अनुसंधान ने अपना ध्यान तीन प्रमुख अनुसंधान-सिद्धांतों पर केंद्रीकृत किया है। अर्थात् (1) प्रसंभाव्य ऊष्मगतिकी, (2) काच पारगमन, (3) कलीलिय स्व-संयोजन । सहयोगात्मक प्रयत्न के अंश के रूप में हमने एक ऐसे सूक्ष्मदर्शीय उष्ण-इंजिन (अभियंत्र) का अभिकल्प तथा कार्यान्वयन किया है जो जीवाणुवीय क्रियाकलापों से बल-वर्धित है । काच-पारगमन के अग्रभाग में हमने एक ऐसे नये अन्वेषण-तंत्र आविष्कार कर लिया है, जो काच-रूपण के प्रतिस्पर्धात्मक तंत्रों के बीच में अंतर स्पष्ट करने में अनुसंधानकर्ताओं की सहायता करता है । कलीलिय स्व-संयोजन में हमने ऐसे विशेष सतहों का विकास कर लिया है, जो न केवल वर्धनात्मक स्फटिकीय की सममिति के निर्णयन में सहायाता करता है, बल्कि नाभियन के पूर्व में ही विशिष्ट स्थानों के प्रति कणों के निर्देशन में भी सहायता करता है ।

श्रीधर राजाराम, Ph.D.

सहयोगी प्रोफ़ेसर

बहुलक की स्थिर नियमितता, Tg, Tm तथा अपकर्ष स्थिरता के भौतिकीय गुणधर्मों के निर्धारण में पात्र लेता है । अन्य α-हाइड्रॉक्सी आम्लों से निर्मित बहुलकों की तुलना में बहु a-अराइल ग्लाइकोलिक आम्लों में उत्तमतम भौतिक गुणधर्म प्रतीक्षित होते हैं । आइसोटेक्टिक बहुलक में एनान्शियो प्यूर मेंडेलिक आम्ल में बहुलकीकरण के कार्य को हाल ही में पूरा कर लिया गया है । मेंडेलिक आम्ल के अलावा अन्य a-अराइल ग्लाइकोलिक आम्ल शुद्ध एनाशियोमेयर के रूप में सहजता से उपलब्ध नहीं है । अतः, हमने, रेसमिक मानोमेयरों से आइसोटेक्टिक (सम स्थैतिक) बहु (α-अराइल ग्लाइकोलिक आम्लों) के संश्लेषण के लिए एक गतिकीय बलगतिकी विभेदन अभिगम को प्रारंभ कर लिया है । एक नमूना अभिक्रिया (प्रतिक्रिया) के रूप में द्वितयीकरण का उपयोग करके प्रसारण चरण में त्रिविम (स्थिर) नियंत्रण का अध्ययन किया गया है । हमने इस अभिक्रिया में उत्कृष्ट चयनियता को प्राप्त कर लिया है तथा सद्यत: हम इसे बहुतयीकरण के प्रति विस्तरित कर रहे हैं । हमने HIV - संदूषण की शीघ्र संसूचना के लिए द्रुमाकृतिक रामन मार्कर को विकसित कर लिया है । हमने दर्शाया है कि द्रुमाकृतिक रामन मार्कर संकेत (सिग्नल) सांद्रता (गहनता) में दस-गुना वृद्धि दर्शाता है । एक और परियोजना में, डियामाइनों फास्फोनेटों की अभिमुखी चयनीयता के संश्लेषण को विकसित कर लिया है ।

रंजनी विश्वनाथ, Ph.D.

सहयोगी प्रोफ़ेसर

हम प्रमात्रा बिंदुओं में पारगमन धातुओं के मादन पर विस्तार से कार्य कर रहे हैं तथा उनका उपयोग पोषक प्रमात्रा बिंदुओं के विद्युन्मानीय संरचना के शोध के लिए नानो संवेदक के रूप में कर रहे हैं । हमने cds नानो स्फटिकों को चुंबकीय आयॉनों के मादन पर तथा इनके अनुरूप चुंबकत्व पर कार्य किया है । हमने एक उपकरण के रूप से EXAFS का उपयोग करके अंतरापृष्ठ पर विनिमय-पक्षपात (अभिनति) को उत्पन्न करने वाले चुंबकीय/ अचुंबकीय पदार्थों के अंतरापृष्ठ से उद्भव होनेवाले चुंबकत्व का अध्ययन किया है

दूसरे, हमने Mn उत्सर्जन के तंत्र पर कार्य किया है तथा Mn उत्सर्जन के संबंध में एक महत्त्वपूर्ण दीर्घावधि पहेली (रहस्य) को अनावृत किया है जिसे अस्थायी (मार्गस्थ) अधिशोषण तथा अब तक दुग्राह्य माने गये अस्थायी (मार्गस्थ) प्रजातियों के जीवनावधि वर्धित करने के लिए पोषक पदार्थों के कुशल रूपांतरण का उपयोग करके किया गया है । हमने उत्कृष्ट प्रकाशीय गुणधर्मों के साथ वायु-स्थिर Sn मादित पेरोवस्काइट पदार्थों का संश्लेषण भी किया है । हमने अमादित, Sn या Mn मादित पेरोवस्काइट पदार्थों में एक उपकरण के रूप में EXAFS का उपयोग करके उच्च-निष्पादन पेरोवस्काइटों ने बहुत-सारे (अनबूझे) असमाधानित समस्याओं को समझने का प्रयत्न किया है ।

प्रेमकुमार सेंगुट्टुवन, Ph.D.

संकाय अधिसदस्य

इस अवधि के दौरान हमारे अनुसंधान का ध्यान विद्युदग्र पदार्थों के दो वर्गों पर केंद्रीकृत किया है : (1) NASCION ऋणाग्र तथा (2) Na-ion बैटरियों के लिए टिन तथा एंटिमोनी आधारित मिश्रधातु धनाग्र ।

वेनेडियम आधारित NASCION ऋणाग्रों को Na-ion बैटरियों में ताराकार चक्रीय निष्पादन के साथ प्रदर्शित किया गया है । इसके साथ, उसकी धारिता / क्षमता को सुधारने हेतु हमने $Na_{3+x}VM'(PO_4)_3$ M' - प्रथम तथा द्वितीय पंक्ति पारगमन धातु आयॉन यौगिकों की श्रेणियों का संश्लेषण किया है । XRD तथा XAFS के विस्तृत अध्ययनों ने संरचना में MO की प्रकृति तथा संकेंद्रण पर निर्भर करते हुए MO_6 तथा PO_4 को विभिन्न आण्विक - विन्यासों में अधिक अंतर्दृष्टि दर्शायी है, जिसे विभिन्न विद्युत रासायनिकीय रेडॉक्स वोल्टेजों के प्रति परिपुष्टि की जा सकती है । NASCION यौगिकों के संरचनात्मक तथा विद्युत-रासायनिकीय गुणधर्मों पर व्यापक दृष्टि प्राप्त करने हेतु अन्य पूरक प्रयोग प्रगति पर रहे हैं ।

बिभास साहा, Ph.D.

संकाय अधिसदस्य

विषमजननीय समाकलन अनुसंधान समूह में हमने पदार्थ-विज्ञान तथा अनुप्रयुक्त भौतिकी के बीच में प्रतिच्छेदन का कार्य किया है तथा घन-अवस्था विद्युन्मानिकी तथा प्रकाश विद्युन्मानिकी साधनों में ऊर्जा-परिवर्तन क्षमता को समर्थता से सुधारने हेतु प्रयोगात्मक तथा सैद्धांतिक अभिगम के संयोजन का उपयोग (अन्वयन) किया तथा साथ ही ऊर्जा सक्षम निम्न-विद्युत-शक्ति विद्युन्मानिकीय स्विच्चों को भी विकसित कर लिया है । हमारे समूह ने निम्नों का प्रयास किया है -

नवल विषम संरचना तथा पतली-फिल्म आधारित पदार्थों तथा मध्य-पदार्थों के विकास द्वारा ऊष्म विद्युतिकी, जीवद्रव्यीय तथा सौर-से विद्युतीय ऊर्जा परिवर्तक साधनों में अधिकतम ऊर्जा परिवर्तन सक्षमता । कृत्रिमता से संरचित पदार्थों तथा साधनों (यंत्रों) के विकास द्वारा अंकात्मक अन्वयनों में तार्किक स्विच्चों के लिए आवश्यक न्यूनतम ऊर्जा ।



चित्र: अध-विन्यासीय, एकल स्फाटिकीय (Ti,W)N/(Al,Sc)N धातु । अर्धचालक उच्चजालक के उच्च कोण वलयाकार (काला) कृष्ण क्षेत्र संवीक्षण प्रसारण विद्युदणु सूक्ष्मदर्शी (HAADF-STEM) प्रतिबिंब को प्रस्तुत किया गया ।

शेख सक़ प्रयोगालय

अंतर्राष्ट्रीय पदार्थ विज्ञान केंद्र ने वर्ष 2007 में उन्नत विज्ञान अनुसंधान हेतु रासअल खैयम केंद्र (RAK-CAM) के साथ निकट सहयोग स्थापित किया था । JNCASR, बेंगलूर के ICMS में शेख सक़ प्रयोगालय की स्थापना हेतु दिसंबर 2011 में इस संबंध को और भी समर्थ बनाने के लिए एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए । नये CCMS भवन में शेख सक़ प्रयोगालय का उद्घाटन महामहिम शेख साउदबिन सक़ अल क़ासिमी द्वारा 2013 में किया गया ।

वर्ष 2013 में SSL (शेख सक़ प्रयोगालय) की अंतर्संरचनाओं तथा अनुसंधान सुविधाओं में निरंतरता से वृद्धि हुई है । देश के अग्रणी अनुसंधान-पहल के लक्ष्य के रूप में SSL तथा ICMS की अनुसंधान सुविधाओं को संयुक्त रूप से पूरा किया गया । नव CCMS भवन तथा SSL प्रयोगालय ने शिक्षा 2014 के वर्ष के अंतर्राष्ट्रीय वास्तुशिल्प अभिकल्प के अधीन NDTV अभिकल्प तथा वास्तुशिल्प पुरस्कार प्राप्त किया है ।

शेख सक़ प्रयोगालय के प्रधान प्रोफसर सी.एन.आर. राव, निदेशक-ICMS रहे हैं । प्रो. अंतोनी के. चीतम RAK-CAM के वैज्ञानिक सलाहाकार मंडल के अध्यक्ष, शेख सक़ प्रतिष्ठित आगंतुक प्रो. के पद पर होंगे तथा ICMS के संकाय एवं JNCASR के पदार्थ-विज्ञान में कार्यरत अन्य व्यक्ति भी SSL के सह-संबद्ध होंगे । यह अनुदान अनुसंधान सहयोगियों, तकनीकी सहायकों तथा अनुसंधान तथा विकास सहायकों को भी आर्थिक सहायता पहुँचाएगा ।

RAK-CAM शेख सर्क़ अधिसदस्यताएँ

यह कार्यक्रम जनवरी-2008 में पदार्थ-विज्ञान में वरिष्ठ विज्ञानियों को प्रेरित करने हेतु RAK-CAM तथा SSL के अनुदानों की सहायता से प्रारंभ किया गया है । RAK-CAM तथा SSL से प्राप्त अनुदानों का उपयोग न केवल उपकरणों तथा रासायनिकों के क्रय केलिए किया जाता है, बल्कि युवा तथा वरिष्ठ विज्ञानियों के अनसंधान के लिए आर्थिक-सहायता देने के लिए किया जाता है ।

एकक सदस्य

निदेशक
सी.एन.आर. राव, F.R.S., Hon. F.R.S.C., Hon. F. Inst. P.

प्रोफ़ेसर
शिवप्रसाद एस. एम., Ph.D., (CPMU के साथ संयुक्त रूप से)

सहयोगी प्रोफ़ेसर
रंजन दत्ता, Ph.D.
राजेश गणपति, Ph.D.
श्रीधर राजाराम, Ph D.
रंजनी विश्वनाथ, Ph.D.

संकाय अधिसदस्य
प्रेमकुमार सेंगुट्टुवन, Ph.D., (NCU के साथ संयुक्त रूप से)
बिभास साहा, Ph.D., (CPMU के साथ संयुक्त रूप से)

विद्यार्थी (सामग्री विज्ञान में स्नातकोत्तर डिप्लोमा)
हिमानि, रोहित

वरिष्ठ अनुसंधान अधिकारी
जय घातक

तकनीकी सहायक (Inst)
महेश जे.आई.

वरिष्ठ आशुलिपिक ग्रेड I
सुधा जे

अनुसंधान सहयोगी
के मंजुनाथ, मनजोध कौर

अनुसंधान सहयोगी (पी)
एम बी श्रीधरा

SERB राष्ट्रीय PDF
शशिधरा

महिला वैज्ञानिक योजना A
सरस्वती सी

SERB राष्ट्रीय PDF
मोकुराला कृष्णय्या

कनिष्ठ अनुसंधान अधिसदस्य
गौतम पी

तकनीकी सहायक
प्रज्ज्वल डी.जे

अ एवं वि सहायक
जगदीश टी, विनायक पत्तर, प्रमोद कुमार,
बिदेश बिस्वास

पुरस्कार / सदस्यता / प्रायोजित परियोजनाएं / अकादमिक / प्रकाशन

संकायों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

सी. एन. आर. राव
- पदार्थ अनुसंधान समाज की उचतम प्रतिस्था वाँन हिप्पल- पुरस्कार प्राप्त करने वाले प्रथम एशियाई व्यक्ति जिसे बोस्टन में 29 नवंबर, 2017 में प्रदान किया गया
- वोकार्ड अनुसन्धान पुरस्कार
- आई. आई. टी., गुवाहाटी का मानद डॉक्टरेट
- गुवाहाटी विश्वविद्यालय का मानद डॉक्टरेट

रंजन दत्ता
MRSI पदक 2018

रंजनी विश्वानाथ
MRSI पदक 2018

एस एम शिवप्रसाद
विशिष्ट व्याख्यान पुरस्कार

बिवस साहा
रिसर्च इनिशिएशन अवॉर्ड, स्टिंट, स्वीडन

शैक्षिकी

4 विद्यार्थियों को प्रवेश
1 उत्तीर्ण

विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

चंदन कुमार
सर्वश्रेष्ठ पीएच.डी. थीसिस पुरस्कार (भौतिक विज्ञान)

फैलोशिप

शेख सर्क़ RAK CAM सीएएम वरिष्ठ फेलो
स्वप्न पति, उमेश बनाम वाघमारे

शेख सर्क़ केरियर पुरस्कार फैलो
एम. ईश्वरमोर्थी, जयंत हल्दार

शेख सर्क़ छात्र फेलो
मनजीत चेतरी, उत्तम गुप्ता

सदस्यता

एस एम शिवप्रसाद
उच्च शिक्षा अकादमी, धारवाड़ के निदेशक

प्रायोजित परियोजनाएँ

4 नई परियोजनाएँ — ₹ 3,45,32,373
7 चल रही परियोजनाएँ — ₹ 8,82,19,160

प्रकाशन

43 जर्नल लेख
1 पुस्तक अध्याय

आण्विक जैविकी तथा आनुवंशिकी एकक (MBGU)

वर्ष 2016-17 के दौरान आण्विक जैविकी तथा आनुवंशिकी एकक के प्रयोगालय शैक्षिकता से अत्यंत सक्रिय एवं उत्पादक रहे हैं । विगत शैक्षिक वर्ष के दौरान हमारे प्रयोगालयों ने अभिजात्य-वर्ग से समीक्षित कुल 56 लखों (पेपरों) का प्रकाशन किया है । यहाँ पर 14-चर्चा गोष्ठियाँ हुईं तथा उनमें से 9 समर्थित रहीं; 13 विद्यार्थियों ने Ph.D कार्यक्रम में ज्वाइन किया तथा 15 विद्यार्थियों ने MS-Ph.D तथा समेकित Ph.D कार्यक्रम में विगत वर्ष में ज्वाइन किया । अनेक संकाय-सदस्यों के योगदानों को पुरस्कारों एवं व्यावसायिक निकायों की सदस्यता के रूप में मान्यता प्राप्त हुई है । हमने अनेक अतिथि-व्याख्यानों का आयोजन किया तथा जनेउवैअकें के भीतर तथा बाहर छः सम्मेलनों का आयोजन करने को सक्रिय पात्र लिया है तथा अनेक राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में भाग लिया है । कुछ विद्यार्थियों ने भी मौखिक या भिति-चित्र प्रस्तुतीकरण करने हेतु राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलनों में उपस्थिति दी है । संकाय सदस्यों ने परियोजना प्रस्तावों की समीक्षा के लिए विशेषज्ञों के रूप में प्रतिभागिता की तथा उन्हें राष्ट्रीय तथा अंतर्राष्ट्रीय निधियन एजेन्सियों से पुरस्कार प्रदान किए गए हैं । इस प्रकार, विगत वर्ष एकक के लिए अत्यंत स्पंदनात्मक तथा गतिकीय वर्ष रहा है ।

अनुसंधान के क्षेत्र

- स्वभक्षी एवं तंत्रिका ह्रासी रोग
- वर्णक जैविकी एवं न्यूनतम सूत्र
- HIV-I उपरूप - C - तनाव
- गुणसूत्र पृथक्करण तंत्र
- मानव रोगों का आनुवंशिकी आधार
- प्रोटीन अभियांत्रिकी (विन्यास) तथा आण्विक परजीवी विज्ञान
- नलिका कोशिकाएँ तथा हृत संवहनी विकास
- रोगों पर विशेष महत्त्व के साथ मानवों में अनुलेखनात्मक विनियंत्रण

अनुसंधान विशिष्टियाँ

1. ऐसे स्वभक्षी आवेशक अणुओं का आविष्कार किया है जो प्रयोगालयी रूप से शारीरिक (व्यावहारिक) रूप से α-साइन्यूक्लियन समुच्चयों को मुक्त कर सकते हैं । ऐसे नवीन अल्प अणुओं की पहचान हेतु ख़मीर में HTS अनुकूलित लूसिफरेस आधारित विश्लेषणों का उपयोग किया है जो स्वभक्षी को रूपांतरित (अनुकूलित) कर सकते हैं ।

2. कैंडिडा ट्रॉपिकालिस के गुणसूत्र बिंदु की पहचान कर ली है तथा यह पाया है कि तारक काय (केंद्रपिंड) पश्च क्रम परिवर्तन-संपन्न संरचनावाले होते हैं । आगे यह दर्शाया है कि RNAi तथा तारक कायों के विकास के मध्य में सीधा संयोजन होता है और RNAi की क्षति पश्च क्रम परिवर्तन के संक्षेपण के कारण से लघुतर तारक-कायों को अग्रसर करती है ।

3. विभेदन एवं रोग के दौरान जीन के आविर्भाव के पश्चजननीय विनियमन के अध्ययन के लिए हमने रासायनिक जैविकी तथा मूलभूत जैविकी तकनीकों का उपयोग किया । विशिष्ट रूप से अर्बुद रोग तथा तंत्रिका कोशिका ह्रासी विकृतियों के दौरान जीन के आविर्भाव में असिटाइलेशन, अर्गिनाइन, मिथाइलेशन, ऊतक-परिवर्तन (उलट-फेर) तथा अ-ऊतक वर्णक्रमीय प्रोटीनों के पात्र को समझने चाहते थे ।

4. कोशिका, आण्विक जैविकी अभिगम, मूषिका-अचेतन (नॉकौट) विश्लेषण तथा (ट्रान्सक्रिप्टोम) अनुलेखनात्मक विश्लेषण का उपयोग यह दर्शाने के लिए किया कि 'रुधिरा'-कोशिका कंकाल प्रोटीन सकारात्मक रूप से TGFβ संकेतन को नियंत्रित करता है तथा हृत-विकास के लिए तथा मूषिकाओं में संवहनी-पद्धतन के लिए आवश्यक होता है।

5. हमने यह पाया है कि हाल ही के वर्षों में भारी संख्या में उन्नायक परिवर्ती विषाणु तनावों का आविर्भाव हुआ है । हमने इन परिवर्तियों को दो श्रेणियों में विभाजित किया है तथा यह पाया है कि ऐसे परिवर्तन (अंतर) HIV-1 के उपरूपी-C मात्र को लिए अनन्य होते हैं ।

6. हमने भारत के जम्मू-कश्मीर के धड़काई ग्राम में श्रवण-क्षति की अधिक घटनाओं के आनुवंशिकीय आधार का अध्ययन किया । यह वीक्षण किया है कि कम से कम तीन जीनों में अप्रभावी उत्परिवर्तन होते हैं जिसने श्रवण हानि के कारक बने हैं : OTOF (p.r708X), SLC26A4(p.Y556X) तथा CLDN14 (p.V85D) उत्परिवर्तन p.R708X को इस हानि के प्रमुख कारण के रूप में निर्धारित किया गया है ।

7. फल्सिपरम (P.falciparum pf) में फ्यूमारेट हाइड्राटेस को अत्यावश्यकता का गुणधर्म वर्णन करने तथा उसे दर्शाने के लिए आनुवंशिक तथा रासायनिक जैविकी का उपयोग किया है । मेथॉनोकाल्डोकोकस जनाश्चि से PfFH समजात की संरचना का समाधान प्राप्त किया है तथा यह प्रथम संरचना ही है जिसका समाधान न्यूक्योटाइडेसस के परिवार में किया गया है । आनुवंशिक परिपूरक अभिगम का उपयोग करके Pf AMP डीमिनेस (AMPD) का गुणधर्म वर्णन भी किया है ।

8. एक पेपर (लेख) प्रकाशित किया है जिसमें यह रिपोर्ट दे दी गई है कि प्रथम बार प्लासमोडियम विवॉक्स के pvcrt-o जीन में एक नवल K-10 सन्निवेशन को एक स्थानिक क्षेत्र से पृथकृत किया गया है। सहयोग के अंतर्गत निष्पादित एक और अध्ययन में हमने यह दर्शाया है कि FASII निरोध जो ट्राइक्लोसन-एक प्रति-जीवाणुवीय तथा प्रति-कवक एजेंट होता है । वह एपिकांप्लेक्शन परजीवी - टोक्सोप्लाज्मा गोंडी टैचिज़ाइट्स में कोशिका-द्रव्य विभाजन को रोकता है।

9. अपने प्रयोगालय में उस mrhl lncRNA का आविष्कार किया है जो, Sox8 जीन के प्रकटन उन्नायक का बंधन करता है तथा विनियंत्रण करता है तथा उसके बदले में अर्धसूत्रीय-विशिष्ट जीनों के प्रकटन को विनियंत्रित करता है । हमने यह पाया है कि यह mrhl lncRNA विभिन्न अर्बुदों में विभेदकता से प्रकटित होता है । हमने यह भी पाया है कि एक नया lncRNA, LOC84454 जो स्तन अर्बुद रोग में अत्यंत अधोनियंत्रित होता है । इस lncRNA का लक्ष्य संनाभि संजक पथ को सम्मिलित करता है जो कोशिका आप्रवास में एक महत्त्वपूर्ण पात्र लेता है ।

अनुसंधान कार्याकलाप तथा उपलब्धियाँ

स्वभक्षी प्रयोगालय

रवि मंजिताय, Ph.D. (NSU के साथ संयुक्त रूप से)
सहयोगी प्रोफ़ेसर

हमारे प्रयोगालय का ध्यान-स्वभक्षी की प्रक्रिया का अध्ययन करने तथा रोगों में इसकी संगतता को समझ लेने के लिए आनुवंशिक (जननिक) तथा औषध निर्माणी विज्ञानी-अभिगमों का उपयोग द्वारा नवल उपकरणों तथा शोधों का अन्वेषण करने का रहा है । हमने ऐसे अनेक स्वभक्षी आवेशकों (उत्तेजकों) का आविष्कार किया है, जिन्होंने α-साइनुक्लियेन (α-synuclein) समुच्चयों को स्वच्छ किया तथा खमीर में समच्चय विषाक्तता (तंत्रिका संरक्षक) से कोशिकाओं की रक्षा (बचाव) की है । (राजशेखर तथा अन्य वैज्ञानिक रिपोर्ट 2015) मानव-कोशिका पंक्तियों में तथा पार्किनसन रोग में पूर्व नैदानिक पार-जनिक मूषिका नमूने में (सुरेश तथा अन्य स्वभक्षी 2017) । हमने वास्तविक समय में स्वभक्षीय (बहाव) अभिवाह के अनुवीक्षण के लिए खमीर सच्चारोमाइसस सेरेवाइसेयाई (Saccharomyces Cerevisiae) में विश्लेषण (मूल्यांकन) के आधार पर एक नवल, संवेदक HTS अनुकूलीय लुसिफरेस को विकसित तथा कार्यान्वित कर लिया है । (मिश्रा तथा अन्य BB Report 2017)। हमने इस विश्लेषण का उपयोग अनेक अल्प अणु संग्रहालयों प्रदर्शित करने के लिए किया है तथा स्वभक्षियों के अनेक नियंत्रकों (अधिमिश्रकों) की पहचान कर ली है (राजशेखर तथा अन्य ChemPlusChem 2014) । ये अल्प अणु जीव जगत के पर्यंत स्वभक्षी की संरक्षित प्रकृति को दर्शानेवाले स्तनीय पादप कोशिकाओं सहित उच्चतर (यूकरियोट्स) eukaryotes में स्वभक्षी अभिवाह (बहाव) के समान अवस्थाओं को भी विनियंत्रित करते हैं (मिश्रा तथा अन्य, स्वभक्षी 2017) । हम सद्यत: अन्य रोग नमूनों का वीक्षण करते हुए अपने अनुसंधान को विस्तारित कर रहे हैं - जहाँ पर स्वभक्षी ने ऐसी अर्थव्याप्ति प्राप्त कर ली है :- जैसे कि लिस्टेरिया (Listeria) के लिए परभक्षी नमूना, तंत्रिका-ह्रास तथा अर्बुद नमूनों के अध्ययन के लिए हंटिंगटन मूषिका नमूना ।



चित्र: पार्किन्सन जैसे तंत्रिका-ह्रासी विकृतियों को विषाक्त प्रोटीन समुच्चयों के रूप में गुणधर्म वर्णन किया गया है (लेवी बॉडिस) जो अंततोगत्वा मस्तिष्क कोशिकाओं को नष्ट कर देते हैं ; उत्तेजक पुंजभक्षी - चयनित स्वभक्षी प्रक्रिया का विन्यास (अभिकल्प) ऐसे पिंडों को (निकालने) स्वच्छ करने के लिए है । वह तंत्रिका संरक्षक ही होता है । पुंजभक्षी के अल्प अणु के आवेशक जैसेकि 6-Bio में उसी प्रकार के तंत्रिकाह्रासी रोगों के उपचार के लिए चिकित्सात्मक विभव हो सकते हैं ।

आण्विक कवक विज्ञान प्रयोगालय

कौस्तुव सन्याल, Ph.D., F A Sc, F N A Sc
प्रोफ़ेसर

गुणसूत्र बिंदु-विकास की प्रक्रिया तथा न्यूनतमसूत्री विकास पर इसका प्रभाव तथा कवक में जाति-उद्भवन को समझ लेने के लिए हमने कैंडिडा अल्बिकान्स, कैंडिडा ट्रॉपिकालिस (अस्कोमाइकोटा) सहित अनेक मानव रोगजनक कवकों के गुणसूत्र बिंदुओं तथा क्राप्टोकोकस तथा मालासेज़िया (बासिडियोमाइकोटा) की अनेक प्रजातियों का अध्ययन किया है । वर्ष 2016-18 के दौरान हमने महत्त्वपूर्ण आविष्कार किए हैं । वर्ष 2016 में हमने मानव कवकीय रोगजनक कैंडिडा ट्रॉपिकालिस के गुण-सूत्र-बिन्दुओं की पहचान कर ली है (चटर्जी तथा अन्य, PLOS आनुवंशिकी)। हमने यह दर्शाया है कि C. ट्रॉपिकालिस में गुण-सूत्र-बिंदु अर्थपूर्ण रूप से अपनी निकटता से संबद्ध कैंडिडा-प्रजातियों से भिन्न होते हैं, परंतु दूर से संबद्ध विखंडन खमीरों से समानता के होते हैं । ड्यूक विश्व विद्यालय मेडिकल (औषधि) केंद्र के समूह के दीर्घावधि सहयोग में निष्पादित एक अन्य अध्ययन में हमने यह दर्शाया है कि अ-रोगजनक क्राइप्टोकोकस प्रजातियों में त्रय-ध्रुवीय मैथुन (संगम) प्रणाली से रोगजनक क्राइप्टोकोकस प्रजातियों में द्वि-ध्रुवीय मैथुन (संगम) प्रणाली में पारगमन, अरोगजनक तनाव में MAT लोसी वाहक द्वि-गुणसूत्रों के गुणसूत्र बिंदु-मध्य स्थित पुरर्संयोजन द्वारा होता है । (शेंग, यादव तथा अन्य, 2017 PLOS जैविकी) । अति हाल ही में उसी ड्यूक विश्व विद्यालय के समूह के साथ के एक और सहयोगात्मक प्रयत्न में, हमने यह आविष्कार किया है कि केंद्र-पिंड - प्रति क्रमपरिवर्तन-संपन्न संरचनावाले होते हैं । हमने आगे यह दर्शाया है कि RNAi की हानि अल्पतर गुणसूत्र-बिंदु के रूप में विकृत प्रति क्रमपरिवर्तनों के कारण अग्रसर होता है । इस प्रकार यह RNAi तथा गुणसूत्र-बिंदु संरचना के मध्य में प्रत्यक्ष (संबंध) संयोजन दर्शाता है (यादव तथा अन्य 2018 PNAS) । हमारा वर्तमान लक्ष्य है ऐसे तंत्र (तंत्रों) का गूढार्थ लगाना है जिन घटकों के द्वारा-जैसेकि परिकेंद्रक - DNA मिथाइलेशन, ऊतक मिथाइलेशन को पुनरावर्तित करता है तथा RNAi गुण-सूत्र-बिंदु को विनियंत्रित करता है ।को विनियंत्रित करता है ।.

चित्र : कुंडलित चित्र - दो निकटता से संबद्ध रोगजनक प्रजातियों (लाल एवं पीले-अर्ध-वर्तुल में दर्शाए गए हैं) के न्यूनतम-सूत्र के मध्य में गुण-सूत्र-वर्णन-पर्यंत की तुलना को दर्शाता है । हाल ही में **PNAS** (2018) यादव तथा अन्य द्वारा प्रकाशित एक लेख में यह दर्शाया गया है कि गुण-सूत्र-बिंदु पर दीर्घ प्रतिक्रम परिवर्तन-संपन्न अनुक्रमों के अनुरक्षण में RNAi अर्थपूर्ण पात्र लेता है । RNAi की हानि घटना-सोपानों (प्रपातों) को प्रारंभ करती है जो अल्पतर गुण-सूत्र-बिंदु के विकास को अग्रसर करता है ।

अनुलेखन तथा रोग प्रयोगालय

तपस कुंडु, Ph.D., FASc, FNASc, FNA (NSU के साथ संयुक्त रूप से)
प्रोफ़ेसर

हमने विभेदन तथा रोग के दौरान जीन-प्रकटन (उद्भव) के पश्चजननीय नियंत्रण के बारे में कार्य किया है । इस प्रयोगालय को प्राथमिक ध्यान का केंद्र - अर्बुद रोग तथा तंत्रिकाह्रासी विकारों के दौरान जीन-उद्भव में असिटाइलेशन, अर्गिनाइन मिथाइलेशन, ऊतक-क्रम परिवर्तन तथा अ-ऊतक वर्णक प्रोटीनों के पात्र को समझने का रहा है ।

हमने इन प्रश्नों के समाधान हेतु मूलभूत जैविकीय (तंत्रों) तकनीकी के अतिरिक्त रासायनिक जैविकी उपकरणों का उपयोग किया है । हाल ही में हमने यह दशारया है कि अत्यंत प्रचुर मात्रा के बहु-प्रकार्यीय-अ-ऊतक वर्णक प्रोटीन PC4 का कुल अचेतन से भ्रूणीय प्राण हरण होता है । यद्यपि, मस्तिष्क विशिष्ट स्थितिक अचेतन भूषिका जीवित रह सकी, उनमें स्मरण विलोपन की अर्थपूर्ण त्रुटियाँ रही थीं ।



चित्र: वर्णक प्रोटीन PC4 तथा (A) न्यूनतम सूत्री संगठन में तथा (B) तंत्रिका विकास तथा विभेदक में इसका पात्र ।

संवहनी जैविकी प्रयोगालय

मनीषा एस इनामदार, Ph.D.
प्रोफ़ेसर

हमने नलिका-कोशिकाओं तथा पशु-नमूनों का उपयोग करके नादात्मक रूधिर निर्माण संवहनी तथा हृत-विकास के तंत्रों का लक्ष्य रखा है । विशेषकर, हमने अपना ध्यान ऐसे 'संरक्षित प्रोटीनों तथा प्रक्रियाओं' पर केंद्रीकृत किया है जो तंतु-विशिष्ट रीति से सर्व-व्यापक कोशिकीय प्रकार्यों को नियंत्रित करते हैं । विगत दो वर्षों में हमने ऐसे नवल चयापचयी नियंत्रकों की पहचान कर ली है जो नलिका कोशिका अवस्था का अनुरक्षण

करते हैं तथा मानव बहु समर्थ नलिका कोशिकाओं में विभेदन का नियंत्रण करते हैं । हमने यह दर्शाया है कि कोशिका के भाग्य के निर्धारण में ऑक्सिकारक फास्फोराइलेशन का प्रमुख पात्र होता है । हमने हृत-दुरुस्ती (प्रतिपूर्ति) में प्र-प्रज्ज्वलनात्मक स्रावकों की प्रतिक्रियात्मक मध्योतक (मिजनकाइमल) आधारण (ढाँचा) के अनुकूलन (नियंत्रण) के लिए अ-(आनुवंशिक)-जननीक पद्धतियों की पहचान कर ली है । हमने हृत-संवहनी विकास तथा प्रकार्य के प्रमुख कोशिका कंकालीय नियंत्रक की पहचान भी कर ली है । हमने यह दर्शाया है कि रूधिरा/BCAS3- जो एक कोशिका कंकाल प्रोटीन है - वह प्राथमिक रूप से विकासशील स्तनीय संवहनीता में तथा प्रौढ़ नव-रक्त वाहक जननी में उद्म होता है । तथा दिशा-निर्देशित कोशिका आप्रवास के लिए कोशिका कंकाल तत्वों का पुनर्संगठन करता है । कोशिका एवं आण्विक जैविकी अभिगम, मूषिका अचेतन विश्लेषण तथा अनुलेखनात्मक विश्लेषण का उपयोग करके हमने यह दर्शाया है कि रुधिरा की आवश्यकता हृत-विकास तथा संवहनी-पद्धतन के लिए होती है तथा इसे सकारात्मकता से TGF□ संकेतन के नियंत्रण द्वारा प्राप्त करता है । हम आगे, रक्त-नलिका कोशिका सम-अवरुद्धता के अनुरक्षण हेतु इस प्रोटीन परिवार के प्रकार्य का गुणधर्म वर्णन करेंगे ।

HIV-AIDS प्रयोगालय

रंगा उदयकुमार, Ph.D.

अध्यक्ष एवं प्रोफ़ेसर

हाल ही में, इस प्रयोगालय का ध्यान विषाणु अनुलेखनात्मक स्तब्धता की ओर स्थानांतरित हो गया है । भेदक - अनुलेखनात्मक स्तब्धता प्रभावात्मकता से रोगों के प्रबंध तथा वैक्सिन के विकास के लिए अत्यंत (क्रांतिक) निर्णायक होती है । भारत भर के चार संस्थानों के सहयोग के साथ निष्पादित एक अध्ययन में हमने यह वीक्षण किया है कि हाल ही के वर्षों में, भारी-संख्या में उन्नायक परिवर्तक विषाणु-तनाव उभर आये हैं । इन उन्नयक परिवर्तन - उन्नायक के अनुलेखनात्मक सामर्थ्य को वर्धित करने तथा साथ ही विषाणु अव्यक्तता की क्षमता को पुनर्बलित करने के होते हैं । हमने लगभग 10 परिवर्तक विषाणु तनावों को ऐसी दो व्यापक श्रेणियों में वर्गीकृत किया है जिनका आधार था कि केवल NF-kB मूलभाव, विषाणु उन्नायक पर था या RBE III मूलभाव के साथ प्रतिकरण भी साथ था । हमने यह दर्शाया है कि ऐसे परिवर्तन केवल HIV-1 के उपरूप-C के लिए अद्वितीय लगते हैं । हम वर्तमान में यह दर्शाने के लिए यह प्रयोग कर रहे हैं कि विषाणु-अव्यक्तता तथा आधान (भंडार) इन संदूषणों में ही प्रभावित हैं । भविष्य के अध्ययनों में, हम परीक्षा करेंगे कि विषाणु उन्नायक में अनुक्रमिक प्रतिकरणों के प्रभाव तथा विषाणु प्रतिकृति क्षमता पर Gag-p6 को प्रभाव तथा यास निरोधकता तथा विकास के प्रभाव क्या होते हैं । हमने प्रतिलोमत: (अनुलेखन) ट्रान्सक्रिप्टेस के उपरूप विशिष्ट गुणधर्मों की परीक्षा करने की योजना बनाई है ।



चित्र: (A) भारी संख्या में उन्नायक परिवर्तक विषाणु तनाव केवल HIV-1 उपरूप-C में उद्भव हो रहे हैं (भांगे-डी तथा अन्य, अप्रकाशित) । हरे चौक तथा लाल त्रिकोण क्रमश: HIV-1 उन्नायक में NF-kB तथा RBEIII को प्रतिनिधित्व करते हैं । केवल NF-kB मूलभाव प्रतिकरण या परिवर्तन, केवल RBEIII प्रतिकरण तथा सह-प्रतिकरण जो दोनों NF-kB तथा RBEIII मूलभाव के आधार पर हम परिवर्तनों को व्यापक रूप से तीन श्रेणियों में वर्गीकृत किया जा सकता है । विषाणु-विकास रोगजननीयता तथा विषाणु-अव्यक्तता के लिए इस आधार आनुवंशिक (जननीक) परिवर्तन की अर्थपूर्णता को समझ लेने के लिए वर्तमान में हमारे प्रयोगालय में प्रयत्न जारी हैं ।

यह कार्य जनेउवैअकें तथा भारत के अन्य चार नैदानिक संस्थानों के सहयोगात्मक प्रयत्न से किया जा रहा है (अखिल भारतीय चिकितसा विज्ञान संस्थान, नई दिल्ली, राष्ट्रीय एड्स अनुसंधान संस्थान, पुणे; सेंट जॉन्स अस्पताल, बेंगलूर तथा VRGCARE, चेन्नई) ।

मानव आनुवंशिकी प्रयोगालय

अनुरंजन आनंद, Ph.D., F A Sc, F N A, F N A Sc
प्रोफ़ेसर

भारत के जम्मू एवं कश्मीर के धढ़की ग्राम में श्रवण-क्षति के प्रमुख कारण हैं - OTOF, CLDN14 तथा SLC26A4 में उत्परिवर्तन । विगत वर्ष में हमने अपने एक अध्ययन को धढ़की ग्राम में श्रवण-क्षति की अधिक घटनाओं के लिए आनुवंशिक आधार की पहचान में पूरा कर लिया है । कारणीभूत उत्परिवर्तनों की पहचान के लिए दो-चरणीय अभिगम में हमने 45 सदस्यों वाले एक विस्तृत परिवार जिसमें सम्मिलित थे - 23 प्रभावित तथा 22 अप्रभावित सदस्य थे - में संपूर्ण न्यूनतमसूत्री-आधारित विश्लेषण का कार्य किया है । इसके अतिरिक्त श्रवण-क्षति के साथ वाले सात (अल्प) छोटे परिवारों में बहरापन के प्रति अतिसंवेदनशीलता के कारणीभूत ज्ञात अनेक जीनों का विश्लेषण किया है, वे हैं - Cx26, SLC26A4, CLDN14, TMPRSS3, TMCI, TMIE तथा USHIC.

45 सदस्यीय विस्तारित परिवार में संकटात्मक (निर्णायात्मक) गुणसूत्रीय क्षेत्र का नक्शा रहा है 2p24-p22. OTOF में C.2122C>T (P.R708X) उत्परिवर्तन को कारणीभूत परिवर्तन के रूप में पहचान लिया गया है । 45 सदस्यीय विस्तारित परिवार से असंबंधित सात छोटे परिवारों में श्रवण हानि का कारण तीन के लिए OTOF में p.R708X से तथा एक परिवार के लिए CLDN14 में p.V85D से रहा है । हमने एक और नये उत्परिवर्तन उदा. c.1668T>A (p.Y556X) SLC26A4 की पहचान दो परिवारों में कर ली है । उन सात परिवारों में से हम एक परिवार में कारणीभूत परिवर्तन को पहचान न पाये । ये परिणाम यह सुझाते हैं कि धढ़की की जनसंख्या में श्रवण-क्षति के कारक तत्व में पर्याप्त आनुवंशिक विषम जननीयता रही है । हमने श्रवण-क्षति के कारक कम-से-कम ऐसे तीन जीनों में अपगमी (मंद) उत्परिवर्तनों का वीक्षण किया है, वे हैं - OTOF, (p.R708X), SLC26A4(p.Y556X) तथा CLDN14 (p.V85D) । हमारा अध्ययन यह दर्शाता है कि धढ़की ग्राम में (निम्न चित्र दखें) श्रवण-क्षति का प्रमुख कारण उत्परिवर्तन p.R708X रहा है । आगामी वर्षों में हम यह प्रयत्न करेंगे कि (1) धढ़की ग्राम में उन सभी प्रभावित (ग्रस्त) परिवारों में वंशानुगत श्रवण-क्षति के कारणों की व्याख्या करना (2) ग्रामीण जनसंख्या में पहचानित कारणीभूत उत्परिवर्तनों के लिए विषम संयुग्मक वाहकों की पहचान करना तथ (3) आनुवंशिक अध्ययनों से प्राप्त परिणामों (उत्पादों) के आधार पर विशिष्टता से विन्यासित आनुवंशिक परामर्शी पदक्रम (संलेख) का कार्यान्वयन करना ।



चित्र : उत्परिवर्तन OTOF, (c.2122C>T) p.R708X; CLDN14, (c.254T>A) p.V85D SLC26A4, (c.1668G>A) p.Y556X धढ़की से हैं।

(A) उत्परिवर्तन को दर्शाने वाले (निम्न पट्टी/नामिका) तथा अनुरूपी वन्य-रूपी युग्मक-लक्षण (उच्च पट्टी/नामिका) श्रवण-क्षति से प्रतिनिधिक अनुक्रम रूपरेखाओं को दर्शाती हैं ।
(B) OTOF CLDN14 तथा SLC26A4 के प्रोटीन वर्गीकरण योजनाबद्धता संभवनीय उतपरिवर्तन (तारकों) - स्थानों को चित्रित करते हैं । NH2 अंतिम पृच्छ N को, तथ्य COOH अंतिम पृच्छ C को चित्रित करते हैं ।
(C) प्रभावित (ग्रस्त) सदस्यों का श्रवण-माप VI:14 (KSH01), VI:2 (KSH01.NSG) तथा II:3 (KSH04) OTOF में उत्परिवर्तनों के साथ क्रमश: p.R708X; SLC26A4, p.Y556X CLDN14, p.V85D । बायें तथा दायें कर्ण की श्रवण अवसीमा को क्रमश: लाल एवं नीली वक्ररेखाओं से सूचति किया गया है ।

आण्विक परजीवी विज्ञान प्रोटीन अभियांत्रिकी प्रयोगालय

हेमलता बलराम, Ph.D., F A Sc
प्रोफ़ेसर

हमारा समूह दो प्रमुख विषयों पर अपना ध्यान केंद्रीकृत करता है :प्युराइन और ऊर्जा चयापचयता में सम्मिलित (निहित) जीनों की शरीरक्रिया विज्ञान की संगतता तथा निरोधों के विकास के लिए इन किण्वकों का संरचना - प्रकार्य विश्लेषण । हमने P- फल्सिपरम (Pf) फ्युमारेट हाइड्रेट (FH) का गुणधर्म वर्णन किया है तथा यह दर्शाया है कि आनुवंशिक (जनीक) तथा रासायनिक अभिगमों के उपयोग द्वारा प्लास्मोडियम के लिए यह जीन आवश्यक होता है । हमने ऐसे मेथानोकाल्डवकोकस जनाश्चि से PfFH समजात की संरचना को सुलझाया है जो FHs युक्त 4Fe-4S गुच्छ द्वारा उत्प्रेरणा को समझ लेने के लिए आधार का रूप लेता है । इस न्यूक्लियोटाइडेसस परिवार में सुलझने वाली प्रथम संरचना - Pf ISN1 है । हमने ऐसे आनुवंशिक (जननीय) अनुपूरकता अभिगम का उपयोग करके Pf AMP डीमिनेस (AMPD) का गुणधर्म वर्णन किया है जो उत्प्रेरकता में सम्मिलित होने वाले प्रमुख अवशेषों पर प्रकाश डालता है । हमने आगे प्युटाइटिव फोस्फोग्लाइकोलेट फॉस्फेटेज़ के जैव-रासायनिक प्रकार्य सिद्ध किया है तथा यह दर्शाया है कि प्रतिलोम आनुवंशिकी का उपयोग करके P. फल्सिपरम के अलैंगिक-अवस्थाओं के लिए यह आवश्यकता होती है । एक और पहलू जिसका अनुसरण किया गया है - वह है GMP संश्लेषण में सम्मिलित किण्वकों का संरचना-प्रकार्य विश्लेषण । उपस्तर XMP के प्रति MjATPPase संकीर्णित की संरचना - उत्परिवर्ती जननीयता के द्वारा लिगांड-बंधक तथा उत्प्रेरणा को समझने के लिए एक ढाँचा उपलब्ध कराती है ।



चित्र: प्लास्मोडियम में चयापचयता को समझने के प्रति बहुमुखी अभिगम ।

आण्विक परजीवी विज्ञान प्रयोगालय

नमिता सुरोलिया, Ph.D., F A Sc, F N A Sc
प्रोफ़ेसर

हमारे समूह ने यह रिपोर्ट दी है कि प्लास्मोडियम विव्याक्स का pvcrt-o जीन में एक नवल K-10 सन्निवेशन मलेरिया स्थानिक क्षेत्र से पृथक्करण कर देता है । यह भारत से एक प्रथम रिपोर्ट रही हैं जो यह दर्शाता है कि pvcrt-o में उत्परिवर्तन होता है । P.विव्याक्स ऑर्थोलॉग में SNPयों की व्यापकता (का प्रचलन) यह संकेत देता है कि परजीवीयों ने उस क्षेत्र में CQ प्रतिरोधकता अधिग्रहित कर ली होगी । औषध प्रतिरोधकता - अंकक (मार्कर) तथा चिकित्सात्मक प्रभावोत्पादकता के अनुश्रवण के अध्ययन में मलेरिया-निरोधक औषधियों का प्रबंधन तथा प्रयोग (उपयोग) में लाने की अपेक्षा होती है । (शैनी जॉय तथा अन्य, 2018: मलर जे:17:40) ।

ब्राज़िल के एक समूह के साथ एक सहयोगात्मक अनुसंधान में हमने यह सिद्ध किया है कि एक जीवाणु (रोगाणु) प्रतिरोधक तथा कवक प्रतिरोधक एजेंट (कारक) - ट्राक्लोसन द्वारा FASII के निरोध से एक अन्य एपिकांप्लेक्सन परजीवी-टोक्सोप्लाज्मा गोंडी टैचिज़ोइटेस में कोशिका वाले गतिकी को रोका गया है । इसने सीमित दुहिता कोशिकाओं तथा अपूर्ण प्रावृत संरूपण को अग्रसर किया है । इस अध्ययन ने भी यह दर्शाने का साक्ष्य उपलब्ध कराया है कि परजीवी विभाजन के अंतिम चरण के लिए आवश्यक चर्बी उपस्तरों के (निर्माण) उत्पाद के लिए FASII की आवश्यकता होती है । (मार्टिन्स-दौर्टे ES तथा अन्य, कोशिका विज्ञान, 2016) ।

वर्णक जैविकी प्रयोगालय

एम.आर.एस. राव, Ph.D., F A Sc, F N A, F N A Sc, FTWAS
प्रोफेसर

अनेक जैविकीय प्रक्रियाओं जैसे कि वीर्याणु जनन के लिए दीर्घ-अ-कोडन RNA महत्त्वपूर्ण विनियंत्रक होते हैं । हमने दर्शाया है कि हमारे प्रयोगालय में आविष्कारित mrhl lncRNA उन्नायक के प्रति बंध जाता है तथा Sox8 जीन-प्रकटन को नियंत्रित करता है जो उसके बदले में अर्ध सूत्रीय विशिष्ट जीनों के प्रकटन को नियंत्रित करता है । हमने इसकी भी पहचान कर ली है कि Mrhl RNA के मानव समरूप-जो आंशिक अनुक्रम समनता के साथ संश्लेषणात्मकता से संरक्षित होता है ।

E14.5 मूषिका मस्तिष्क में तंत्रिका प्रजनक कोशिकाओं में तथा मूषिका ES कोशिकाओं में विभेदन आवेशित दृष्टिपटलीय आम्ल (RA) के दौरान Mrhl RNA का प्रकटन होता है । यह hmrhl RNA (मानव mrhl) विभेदकता से विभिन्न अर्बुद रोग में प्रकटित होता है । अग्रगामी mRNAओं के संयोजन (ज़ोडने) में सम्मिलित DDX5/p68RNA कुंडलित प्रोटीन भी SRA तथा mrhl जीन प्रकटन में अनुकूलकारी - जैसे lncRNAओं के साथ अंतर्क्रिया करता है । हमने एक ऐसे नये lnc RNA LOC284454 की पहचान कर ली है जिसमें miR23a-27a-24-2 सूक्ष्म RNA गुच्छ युक्त होता है - वह p68 प्रोटीन के साथ अंतर्क्रिया करता है तथा वह स्तन-अर्बुद रोग में अत्यंत अधोनियंत्रित होता है । इस lncRNA के लक्ष्यों में से एक है - संन्नाभि संजक पथ-जो कोका आप्रयास में एक महत्त्वपूर्ण पात्र लेता है । ASCL1 एक ऐसा मूलभूत हेलिक्स-लूप-हेलिक्स (कुंडल-पाश-कुंडल) अनुलेखन घटक हैं जो विभिन्न कोशिकीय प्रक्रियाओं - जैसेकि - तंत्रिका कोशिका विकास एवं संकेतन पथों - में सम्मिलित होता है । हमने अनुलेखनात्मक रूपरेखा का विस्तृत प्रणाली विश्लेषण किया है तथा ग्लियोमा (तंत्रिका श्लैष्म कोशिका) में तथा अल्प कोशिका फुफ्फुस अर्बुद रोग में ASCL1 द्वारा नियंत्रित विशिष्ट तथा सामान्य प्रकार्यात्मक जाल कार्यों की पहचान कर ली है । आगामी वर्षों में वीर्याणुजननीय कोशिकाओं के अर्धसूत्रीय प्रतिबद्धता के दौरान Sox8 जीन प्रकटन (आविर्भाव) के mrhl RNA मध्यस्थित नियंत्रण के आण्विक तांत्रिकता का विश्लेषण करेंगे । हम एरिथ्रोल्यूकेमिक में उसके पात्र का अध्ययन भी करेंगे ।

एकक सदस्य

अध्यक्ष

रंगा उदयकुमार, Ph.D.

प्रोफ़ेसर

हेमलता बलराम, Ph.D., F A Sc, F N A Sc
नमिता सुरोलिया, Ph.D., F A Sc, F N A Sc
अनुरंजन आनंद, Ph.D., F A Sc, F N A, F N A Sc
रंगा उदयकुमार, Ph.D.
मनीषा एस इनमदार, Ph.D., F A Sc, F N A Sc
कौस्तुव सन्याल, Ph.D., F A Sc, F N A Sc
तपस कुमार कुण्डु, Ph.D., F A Sc, F N A Sc, FNA
(NSU के साथ संयुक्त रूप से)

सहयोगी प्रोफ़ेसर

रवि मंजिताय, Ph.D. (NSU के साथ संयुक्त रूप से)

मानद प्रोफ़ेसर

एम.आर.एस.राव, Ph.D., F A Sc, F N A, F N A Sc, FTWAS

अनुसंधान विद्यार्थी

अक्षया सी नम्बियार, राहुल मदान, पद्मालया, ज्योत्स्ना करन, डोंग्रे प्रथमेश राजेश, शर्मा प्राग्या नीरज, रण्बीर चक्रबर्ती, शुभम सिंह, अंकित शर्मा, कुलदीप दास, सहेली रॉय, राशी अगरवाल, ऐरिने मरिया अब्रहम, छवि सैनि, तीरथ राज द्विवेदी, बोर्निका रॉय, अंजली आम्रपल्लि विश्वनाथ, पोलिसेट्टि वी एस, सत्य देव, अनिंदिता पॉल, स्वाती केश्रि, आकाश कुमार सिंह, भावना कय्यर, वीणा ए, प्रिया जैट्लि, पल्लबि मुस्तफि, सिद्दर्थ सिंह, अर्पिता ए, सूर्यवंशि, सोम्या वत्स, सलोनी सिन्हा, पूजा बरक, लक्ष्मीशा के एन, एस सुंदर राम, श्रेयस श्रीधर, एस एन सुरेश, सुनैना सिंह राजपुत, लक्ष्मी श्रीकुमार, श्वेता जयशंकर, टी. लक्ष्मी प्रसून्ना, अनुषा चंद्रशेखरमट, मोनिका उपाध्याय, रागिणी अगरवाल, कामत कजल मुरलि, कुकू तेरेसा जेट्टो, येंग्खोम रोजा देवी, अनुष्का चक्रबर्ती, सेस्मीरावी, स्मिता ए एस, श्रेष्ठा पाल, राजश्री बटब्याल, प्रीती जिंदाल, प्रिया ब्रह्मा, निवेदिता पाण्डेय, मौमिता बसु, साम्भवी पुरि, अनन्या रे, भांगे दिशा रमेश, आदित्या भट्टाचार्या, आशुतोष बी आर, श्रीलक्ष्मी वी. जोषि, अरिंदम रे, अरुण पंचपकेशन, अय्यर आदित्या महदेवन, सुचिस्मिता डे, डोंगरे अपर्णा विलास पुषपलता, रीमा सिंगा, वुल्लिगुण्डम प्रवीण, क्रिशेंदु गुइन, बारवे गौरव रमानंद, पालाक अगरवाल, देबोश्री पाल, अरनब बोस, दिव्येश जोषि, श्वेता सिकदेर, सुतनुका चक्रबोर्ती, संतोष एस, नेहा वर्शने, शालिनी रॉय चौधुरि, शुक्ला अर्पित प्रकाश कुमार, मालिनी मेनोन, दीती के शट्टी

वरिष्ठ तकनीकी अधिकारी (पशु चिकित्सा)

प्रकाश आर जी, B V Sc & A.H.

DST-प्रेरक अनुसंधान सहयोगी

रजनी गर्ग (MCB, IISc.)

DBT-अनुसंधान सहयोगी-III

वी शालिनी

अनुसंधान सहयोगी-II

अरुण रेंगनाथन, सर्मिष्ठा हल्दर सिन्हा

अनुसंधान सहयोगी

स्टेफनी रोशनी केयपी, अमित कुमार बेहेरा
राम मूर्ति ए, सौरव चट्टर्जी

अनुसंधान सहयोगी (पी)

नेहा वर्षने, श्वेता सिकदर, चन्द्रेयी दत्ता (MCB, IISc.), मालिनी मेनोन

वरिष्ठ अनुसंधान अधिसदस्य

शालिनी रॉय चौधुरी, डयाना रोड्रिग्यूस

पुरस्कार / सदस्यता / प्रायोजित परियोजनाएं / अकादमिक / प्रकाशन

संकायों द्वारा प्राप्त पुरस्कार

हेमलता बलराम

कर्नाटक सरकार से डॉ। राजा रामना राज्य पुरस्कार 2015-16

तपस कुमार कुंडु

'बंग रत्न' पश्चिम बंगला सरकार का प्रतिष्ठित नागरिक पुरस्कार -2018

अधिसदस्यताएँ

कौस्तुव सन्याल

- वर्ष 2016-17 के लिए DBT टाटा नवोन्मेषी अधिसदस्यता
- अधिसदस्य, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी, नई दिल्ली
- अधिसदस्य, भारतीय विज्ञान अकादमी, बेंगलूर

हेमलता बलराम

- अधिसदस्य, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी

मनीषा एस. ईनामदार

- भारतीय विज्ञान अकादमी
- अधिसदस्य, भारतीय राष्ट्रीय विज्ञान अकादमी

शैक्षिकी

14 विद्यार्थियों का प्रवेश
12 उत्तीर्ण

प्रायोजित परियोजनाएँ

15 नई परीयोजनाएँ — ₹ 3,11,75,958
33 चल रही परीयोजनाएँ — ₹ 4,29,97,666

सदस्यताएँ / नियुक्तियों

एम. आर. एस. राव

- सी. एस. आई. आर. के प्रशासी निकाय के सदस्य
- डी. बी. टी., कार्य दल, मानव आनुवांशिकी तथा न्यूनतमसूत्री के चेयरमैन
- डी. बी. टी.-रामलिंगस्वामी अधिसदस्यता चयन समिति के चेयरमैन
- स्पेन अनुसंधान संस्थाओ की समीक्षा करने हेतु स्पेन सरकार की अंतर्राष्ट्रीय समीक्षा समिति के सदस्य

तपस कुमार कुंडु

- मैसूर विश्वविद्यालय के जीवनपर्यंत (आजीवन) प्रतिष्ठित प्रोफेसरशिप

मनीषा एस. ईनामदार

- जैकसन प्रयोगालय, बार हार्बर, मैन, यूएस के जैक्स क्षेत्रीय परिषद के सदस्य

प्रकाशन

25 जर्नल लेख
2 सम्मेलन लेख
3 पुस्तक अध्याय

नव रासायनिकी एकक (NCU)

नव रासायनिकी एकक - जनेकें पर सापेक्ष रूप से नया एकक रहा है । इस एकक में वर्तमान में कुछ कोर संकाय सदस्य हैं तथा प्रोफेसर सीएनआर राव इसके अध्यक्ष हैं। केंद्र के अन्य एककों के अनेक संकाय सदस्य भी इस एमसीयू के साथ संबद्ध रहे हैं । यह एकक रासायनिक विज्ञान के पहलुओं पर कार्य करता है। इस एकक में सक्रिय रुप से अनुसरित अत्यंत महत्वपूर्ण क्षेत्र हैं - रासायनिक जैविकी, रासायनिक विज्ञान तथा पदार्थ विज्ञान के अंतरापृष्ठ ।

यह एकक रासायनिक विज्ञान में पीएचडी उपाधि कार्यक्रम तथा साथ ही समेकित Ph.D के लिए छात्रों को प्रवेश देता है। यह एक परियोजना अभिमुखी रासायनिक शिक्षा (POCE) के द्वारा रासायनिक विज्ञान में समेकित MS-Ph.D कार्यक्रम में छात्रों को प्रवेश देता है । इन कार्यक्रमों के लिए प्रवेशित छात्रों को विस्तृत पाठ्यक्रम तथा अनुसंधान प्रशिक्षण अपने शोध प्रबंध कार्यप्रारंभ करने के पूर्व प्राप्त करना होता है।

अनुसंधान के क्षेत्र

- कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण
- आण्विक उपकरण
- प्रति सूक्ष्मजीवाणुवीय हाइड्रोजेल
- प्रमात्रा बिंदुकाओं की संरचना
- ऊष्म-विद्युतीय पदार्थ
- जैविक एवं अधि-आण्विक संश्लेषण
- ऊष्म-रासायनिकी पद्धतियों के द्वारा समेकित प्रौद्योगिकियाँ (तंत्र)

अनुसंधान विशिष्टियाँ

1. Alio अल्प-संयोजक ऋणायन (P^{3-}) तथा (x^-) द्वारा Cds से S के संपूर्ण प्रतिस्थापन (प्रतिस्थानन) के अन्वयन से हमने अर्धचालक यौगिक $Cd_4P_2X_3$ (X=Cl, Br तथा I) के (परिवार) समूह को प्राप्त कर लिया है, जो CdS से भिन्न रूप से शुद्ध जल में कृत्रिम प्रकाश संश्लेषण को दर्शाता है जहाँ पर उत्सर्गीय विद्युदणु दात्रियों का उपयोग अनिवार्य हो जाता है (सी.एन.आर. राव द्वारा)।

2. इस प्रयोगालय में संकर पेप्टाइडों (पाचिकताओं) तथा अल्प अणु आधारित उपकरणों को विकसित कर लिया गया है, जो प्राकृतिक कोशिकीय प्रक्रियाओं द्वारा विषाक्त पट्टिका (प्लेक़) को शुद्ध करने में सक्षम होते हैं। यह अल्ज़मेर (एडी) तथा पार्किन्सन रोग (पी.डी.) जैसे अचिकित्सीय तंत्रिका ह्रासी रोगों से संबंधित समस्याओं का समाधान कर सकता है (टी. गोविंदराजू द्वारा)।

3. हमने अडिनोसाइन ट्राइफास्फेट (ATP) ग्राहित्र अणु OPV-DPA को उसकी अधिआण्विक बहुतयियता की ऊष्म गतिकीय प्रसुप्त स्थिति के सक्रियन द्वारा प्राप्त कर लिया है । ATP इंधन चालित कौशल के उपयोग द्वारा हमने तारोपम तंतुओं के समान के अधिआण्विक बहुतयियता को दर्शाया है । आगे हमने फास्फोटेज किण्वक के साथ संयोजन द्वारा तारोपम तंतुओं के एक और लक्षण - (मार्गस्थ) अस्थाई स्व-संयोजन को दर्शाया है (सुबी जेकब जॉर्ज द्वारा)।

4. प्रति-जीवाणुवीय हाइड्रोजलों को (पूर्व गठित एवं अंतक्षेपणीय (इंजेक्टेबल) दोनों) संदूषण की चिकित्सा हेतु एक प्रभावपूर्ण कौशल के रूप में विकसित कर लिया गया है । इन प्रति-जीवाणुवीय हाइड्रोजलों के महत्वपूर्ण गुणधर्मों में सम्मिलित हैं- दीर्घावधि के जीवाणुवीय क्रियाकलाप तथा भारित प्रतिजीवाणुवीय एजेंटों के संपोषित विमोचन जो उन्हें अपरिमित रूप से संदूषण के उपचार में उपयोगी सिद्ध कर देते हैं। अतंक्षेपणीय (इंजेक्टेबल) जेल (वेंकोमाइसिन से युक्त) अवत्वचीय प्रति-रोपण (इम्प्लांटेशन) MRSA को मारने (नाश करने) में समर्थ था । जिसे जेल् में MRSA के सीधे स्थापन तथा साथ ही मूषिका-प्रतिदर्श (नमूने में) जेल से दूर दूरवर्ती स्थल में स्थापन किया जाता था । पूर्वरचित हाइड्रोजलों ने (अल्प आण्विक बयोसाइड से युक्त) न केवल MRSA जैव-फिल्मों को प्रयोगालय में विघटित किया, बल्कि मूषिकाओं में पृष्ठीय MRSA संदूषण नमूने में शारीरिक रूप (व्यावहारिक रूप) की स्थितियों में जीवाणुओं के भार को कम किया (जयंत हल्दर द्वारा)।

5. सम्मिश्र विषम संरचना प्रमात्रा बिंदुकाओं की विद्युदणु संरचना के अध्ययन के लिए ताम्र - मादन का उपयोग । हम प्रमात्रा बिंदुकाओं में मादन पारगमन धातुओं पर विस्तृत रूप से कार्य कर रहे हैं तथा उनका उपयोग पोषक

प्रमात्रा बिंदुकाओं की विद्युदणु संरचना के अन्वेषण के लिए नानो-संवेदक के रूप में कर रहे हैं । हमने चुंबकीय आयॉनों के साथ मादित CdS नानो-स्फटिकों का अध्ययन किया है तथा इसके चुंबकीय गुणधर्मों का अध्ययन किया है । EXFAS को एक उपकरण के रूप में उपयोग करते हुए, हमने अंतरापृष्ठ पर विनिमय-अभिनति को उन्नत (ऊपर उठाने) करने वाले चुंबकीय अ-चुंबकीय पदार्थों के अंतरापृष्ठ से उन्नत (ऊपर उठाने) करने वाले चुंबकत्व का अध्ययन किया है । चुंबकीय / अचुंबकीय प्रमात्रा बिंदुकाओं के अंतरापृष्ठ पर अंतरापृष्ठीय के चुंबकत्व के अध्ययन के लिए EXFAS का उपयोग (रंजनी विश्वनाथ द्वारा)।

6. ऊष्म रासायनिकी मार्ग के द्वारा मानवजन्य CO_2 को MeOH तथा अन्य मूल्य वर्धित रासायनिकों में परिवर्तन के लिए समेकित प्रौद्योगिकियों का विकास (सेबास्टियन पी पीटर द्वारा) ।

7. GeTe तथा इसके व्युत्पन्न विभव सीसा-मुक्त ऊष्मविद्युतीय पदार्थों को संघटित करते हैं । चित्र 1 अर्हता (630K पर ZT=2.1) के सार्थक उच्च ऊष्मविद्युतीय आकृति को उत्क्रम मापिकता से चालित घन विलायक-बिंदु-त्रुटि-रचना तथा SPS प्रक्रियन द्वारा ध्वनि-मात्रिक के प्रकीर्णन के परिणाम स्वरूप, एंटिमनी (Sb) अंजन मादित छद्मत्रयी $(GeTe)_{1-2x}(GeSe)_x(GeS)_x$ प्रणाली में प्राप्त कर लिया है (कनिष्क बिस्वास द्वारा)।

अनुसंधान कार्याकलाप तथा उपलब्धियाँ

सी.एन.आर.राव, Ph.D., D Sc, Sc D (hc), D Sc (hc), LLD (hc), D Litt (hc), Dr Eng (hc), F A Sc, F N A, F R S, F TWAS, Hon. F R S (C), Hon F. Inst P., Hon. F R S C.

वरिष्ठ प्रोफ़ेसर अध्यक्ष

राशीकृत 2डी पदार्थ प्रत्येक घटकों के सहयोगात्मक प्रभावों एवं नादात्मक संयोजन के कारण से अनुपम प्रकाशीय, विद्युतीय तथा ऊष्मीय गुणधर्मों को दर्शाते हैं । इस संबंध में परतीय 2डी चादरों (फलकों) के विषम-संरचना संयोजन (समुच्चयन) के प्रथम सफल असुसंगत संश्लेषण किया गया । आगे 2डी आण्विक अभिवर्तनों के गुणधर्मों के अन्वेषण हेतु जैविक अणुओं के साथ आण्विक अभिवर्तनों के रूपण (की रचना) के लिए इस अभिगम को विस्तारित किया गया है । हमने ALD तंत्र (तकनीकी) का उपयोग करके सी-नीलमणि पर अनाटेज TiO_2, V_2O_5 तथा MoS_2 नामक ऑक्साइडों, सल्फ़ाइडों तथा नाइट्राइडों के अधिविन्यासीय (अधस्तरीय) फ़िल्मों को संवर्धित



चित्र : (a) आण्विक आवेश स्थानांतरण के द्वारा रंध्रों तथा विद्युदणुओं द्वारा फास्फोरिन का मादन तथा (बी) फास्फोरिन मात्रा बिंदुकाएँ, (सी) परतीय विषम संरचनाओं के निर्माण के लिए त्रयी अधि-आण्विक संयोजन अभिगम का योजनाबद्ध स्पष्टीकरण : ग्राहीत्र (वायलोजेन) रूपांतरित ग्राफेन (G-VN), CB[8] की उपस्थिति में दात्री (नाफ्थोल) रूपांतरित (BN-Nap) तथा MoS_2 (MoS_2-Nap) के साथ विषम संरचनाओं को रूप देता है । (डी) ALD वर्धित 2डी फ़िल्में तथा उनके विभिन्न अन्वयन ।

किया है तथा Na तथा Li ऑयान बैटरियों में आर्द्रता संवेदन तथा विद्युत-रासायनिकीय निष्पादन जैसों के अन्वयन के लिए उनका उपयोग किया गया है। हमने P तथा X (X=Cl, Br. I) द्वारा cds में सल्फाइड ऑयानों के संपूर्ण अल्प (अलियो) संयोजत प्रतिस्थापन द्वारा प्राप्त सूत्र $Cd_4P_2X_3$ (X=Cl, Br, I) के उत्प्रेरकों के नए परिवार (समूह) के साथ H_2O तथा CO_2 के प्रकाश रासायनिकी अपचयन (ह्रास) का भी अन्वेषण किया है । cds से भिन्न $Cd_4P_2X_3$ यौगिक, उत्सर्गीय कारकों या उत्प्रेरकों की अनुपस्थिति में भी जल से जलजनक-विकास तथा CO_2 अपचयन (ह्रास) दर्शाते हैं । NixPy का उपयोग उत्प्रेरक के रूप में जलजनक विकास को वर्धित करता है जो $Cd_4P_2Br_3$/NixPy के संदर्भ में कृत्रिम तथा प्राकृतिक सूर्य प्रकाश (किरणन) के अधीन क्रमशः 38790 (प्रत्यक्ष प्रमात्रा उत्पन्न, AQY=4.11) तथा 9258 (AQY=9.83) μmol $h^{-1}g^{-1}$ तक पहुँच जाता है। हमने विद्युदणु दात्री तथा ग्राहीत्रों द्वारा फास्फोरिन के रासायनिक मादन का अन्वेषण भी किया है । ये दोनों ग्राहीत्र तथा दात्री आवेश-स्थानांतरण द्वारा फास्फोरिन के साथ अंतर्क्रिया करते हैं, जिसमें ग्राहीत्रों में अधिक चिह्नित प्रभाव होता है । इस दिशा में, नीले उत्सर्गी फास्फोरिन प्रमात्रा बिंदुकाओं को काले फास्फोरस के द्रव प्रावस्था अपशल्कन द्वारा तैयार कर लिया गया है। ध्वनि कारक शक्ति को 150 से 225W तक वर्धित करने पर PQD के औसत कण आकार 5.0 से1.0 nm तक घट जाता है।

टी गोविंदराजू , Ph.D.
सहयोगी प्रोफ़ेसर

हमारे अनुसंधान की रुचि रासायनिकी, जैविकी तथा (जैव) पदार्थ विज्ञान के अंतरापृष्ठ के प्रति रही है तथा विशेषकर जैविक रासायनिकी, पाचक रासायनिकी, पाचक अनुकरणिकी प्रकार्यात्मक रोग माड़ सदृश आण्विकशोध, नाभिक अम्ल तथा जैव प्ररेति पुरा-विवर्तनीकी के प्रति रही है। रिपोर्टिंग अवधि के दौरान प्रमुख अनुसंधानात्मक प्रयत्न रहे हैं - अल्जमेर तथा पार्किसन रोग पीडी जैसे रोगों से संबद्ध समस्याओं के समाधान के लिए अचिकित्सीय तंत्रिका ह्रासी रोगों के लिए निदानात्मक तथा चिकित्सात्मक प्रयत्नों के विकासों के प्रति रहे हैं । इन रोगों से संबद्ध समस्याओं के समाधान के लिए बहु-विज्ञान-अंतर्शाखा रासायनिकी अभिगमों के सुचारू रूप से संयोजन द्वारा इन मार्गों का शोध कर रहे हैं । वे विशिष्टता से पाचकों (पेप्टाइडों) तथा अल्प अणु आधारित चिकित्सात्मक कारकों (एजेंटों) के विकास के लिए इन रोगों के रोग जननीयता में संलग्न बहु पथों का लक्ष्य करके कार्य कर रहे हैं । उनके प्रयोगालय में संकर (पाचियताओं) पेप्टाइडों तथा अल्प अणु आधारित उपकरणों को विकसित कर लिया गया है, जो प्राकृतिक कोशिकीय प्रक्रियाओं द्वारा विषाक्त पट्टिका (प्लेक़) को शुद्ध (स्वच्छ) करने में सक्षम होते हैं । अनुसंधान-समूह ऐसे आण्विक शोधों को विकसित कर रहा है, जो मस्तिष्क मेरुदंड द्रव (CSF), रुधिर तथा मस्तिष्क - प्रतिदर्शों में AD जैव निर्मापकों के संसूचक होते हैं; जिनका उपयोग AD के शीघ्र निदान के लिए व्यवहार्य उपकरणों के रूप में किया जा सकता है । एक और महत्त्वपूर्ण क्षेत्र विस्तार से लिया गया है, जिसमें प्रकार्यात्मक मॉड-सदृश (अर्थात मकड़ी रेशम) के जैव अनुकरणिकी के उत्पादन तथा जैव पदार्थों के रूप में अन्वयन के लिए संश्लेषित 48 प्रौद्योगिकी (तंत्र) को विकसित कर लेना ।

सुबी जेकब जॉर्ज, Ph.D.
सहयोगी प्रोफ़ेसर

वर्ष 2017-18 के दौरान हमने अधिकांश जैविकीय प्रणालियों में स्थित आश्चर्यकारी स्व-संगठन गुणधर्म (लक्षण) को शोध कर लिया है । ये प्रणालियाँ अपने स्व-संयोजन एवं प्रणालीबद्ध प्रकार्यात्मकता पर अर्थपूर्ण स्थानिक-अस्थायी नियंत्रण को दर्शाते हैं । आधारभूत अधि आण्विक संगठन की जटिलता को कुछ प्रकार्य के नियंत्रण के लिए नवल, प्रकार्यात्मक जैविक तथा संकर पदार्थों के विकास जैसी प्रणाली के भीतर ही पदार्थ अन्वयन के संदर्भ में समझा जा सकता है । स्थानिक - अस्थायी नियंत्रण के साथ जैव-प्रेरित स्व-संयुज्य संरचना के लिए अपने अभिगम में हमने अधिआण्विक बहुलकों की लंबाई तथा (छितराव) परिक्षेपी के निखर नियंत्रण के लिए ATP चालित जीवंत (सजीव) अधिआण्विक बहुतयिता



चित्र: (a) दात्री SS-diOEt तथा ग्राहीत्र RR/SS-Oetipa की आण्विक संरचनाएँ । (b) अप्रतिबिंबता नियंत्रित स्व-संयुज्य तथा स्व-छँटाई तथा परिणामी अप्रतिबिंबिता नियंत्रित ऊर्जा स्थानांतरण प्रक्रिया का योजनाबद्ध (प्रस्तुतीकरण) प्रतिनिधित्व ।

जैसे रासायनिक इंधन के प्रति लक्ष्य रखा है तथा संबंधित नवल प्रकार्यों के नियंत्रण के लिए अधिआण्विक, खंड-सह बहुलकों को प्राप्त करने का लक्ष्य रखा है । हमने ऊर्जा-स्थानांतरण लक्षणों के नियंत्रण के लिए अप्रतिबिंबता (चिरालिटी) चलित स्व-छँटाई की अधिआण्विक गड्ढों का अभिकल्प कर लिया है तथा त्रिविभ चयनीय अधि आण्विक संगठन का वीक्षण किया है ।

जयंत हल्दर, Ph.D.
सहयोगी प्रोफ़ेसर

हमारा अनुसंधान संदूषक रोगों के लड़ने हेतु जैविक-रासायनिकी तथा पदार्थ विज्ञान को जैविकी के साथ समेकित करता है। झिल्ली सक्रिय अणुओं का विकास बहु-औषधि-निरोधक ग्राम - निरोधात्मक जीवाणु तथा उनके जैव-फिल्मों के साथ लड़ने (संघर्ष करने) हेतु अप्रचलित प्रति जैविकी (जैसे टेट्रामाइसिन,रांपिसियन, एरिथ्रोमाइसिन आदि) को सदृढ़ बनाने हेतु किया गया है । संयुक्त सूत्र ने शारीरिक रूप से मूषिका-नमूनों में जलन-घावों तथा शस्त्र चिकित्सीय स्थल संदूषणों में विभव प्रभावोत्पादकता दर्शायी है ।

प्रति जीवाणुवीय निशेधकता के विरुद्ध के संघर्ष के प्रमुख अनुसंधान विकास में हल्दर के प्रयोगालय ने ऐसे विभिन्न कुशलतंत्रों को सोच निकाला है, जैसेकि वेंकोमाइसिन के क्रियात्मक तंत्र के प्रति बंधक स्थिरता अधिक चरणों को संयोजन में वृद्धि, ताकि ऐसे अर्ध-संश्लेषित वेंकोमाइसिन व्युत्पन्नों को विकसित कर लिया जाए, जिन्होंने प्रयोगालय में तथा शरीर में वेंकोमाइसिन-निरोधक जीवाणु को सफलतापूर्वक अक्रियात्मक बना दिया है ।

इस प्रयोगालय ने ऐसे संश्लेषित बहुलकीय यौगिकों को विकसित कर लिया है जिनका उपयोग विभव रूप से अस्पतालों तथा मरक रोगों के क्षेत्रों में व्यापक मात्रा में विसंक्रमण (रोगनाशक) के लिए किया जा सकता है । ये प्रति जीवाणुवीय पेप्टाइडों (AMPS) के अल्प-आण्विकीय बहु तयीय अनुकरण के हैं जो जीवाणु कवक, परजीवी तथा एबोला रोगाणुओं के विरुद्ध प्रति साल जीवाणुवीय क्रियाकलापों को दर्शाते हैं । इन संश्लेषित प्रति सूक्ष्म जीवाणुवीय यौगिकों का उपयोग उपचार करने के कठिन साध्य जैव फिल्मों से संबद्ध संदूषणों के समाधान के लिए भी किया जा सकता है । इन जल-विलायक बहुतयिय लेपनों का विन्यास संश्लेषित तथा प्राकृतिक बहुतयीयों से तैयार किया गया है तथा अस्पताल की दीवारों, फर्शों, शस्त्र चिकित्सीय उपकरणों तथा प्रत्यारोपणीय यंत्रों (साधनों) जैसी के सतह लेपित किया (रंगाया) जा सकता है । ये प्रतिजीवाणुवीय रंग जीवाणुओं (रोगाणुओं) को संपर्क पर अक्रियात्मक बन सकते हैं तथा जैव-फ़िल्म रूपण को रोक सकते हैं ।



चित्र: (a) अर्ध-विश्लेषित वेंकोमाइसिन व्युत्पन्नों ने VRE के विरुद्ध मूषिका जैसे के वृक संदूषण में शारीरिक रूप से उपयोगी सिद्ध हुआ है । (b) लाइसिन आधारित अल्प आण्विक AMP-अनुकरणों ने विभव प्रति-जैव फ़िल्म-क्रियात्मकता को दर्शाया है । (c) चिटिन - आधारित बहुतयी लेपित सतह ने संपर्क में आनेपर संपूर्ण रूप से जीवाणुओं को अक्रियात्मक बना दिया है ।

श्रीधर राजाराम, Ph.D. (ICMS एवं CPMU के साथ संयुक्त रूप से)
सहयोगी प्रोफ़ेसर

बहुतयी की त्रिविम नियमितता T9x2Tm′ तथा अपकर्षी स्थिरता जैसे अपने भौतिकीय गुणधार्मो के निर्धारण में महत्तवपूर्ण पात्र लेती है । ऐसी अपेक्षा की जाती है कि अन्य α-हाइड्रॉक्सी आम्लों से निर्मित बहुतयियों की तुलना में बहु (α-आसइल, ग्लाइकोलिक आम्लों) में उत्तमतर भौतिक गुणधर्म होते हैं । प्रतिबिंब विशुद्ध मेंडलिक आम्ल को हाल ही में समव्रत्तिक (आसोटेक्टिक) बहुतयी के रूप में बहुतयीकरण किया गया है । फिर भी मेंडलिक एसिड के अलावा अन्य α-अराइल ग्लाइकोलिक एसिड,विशुद्ध - प्रतिबिंब तायियों के रूप सद्यत: (अभी) उपलब्ध नहीं है । अत: हमने रेसिमिक एकतायियों से समवृत्तिक (आइसोटेक्टिक) बहु (α-aryl glycotic acids) के संश्लेषण के लिए गतिकीय बलगतिकी विभेदन अभिगम प्रारंभ किया है । प्रसारण चरण में त्रिविम-नियंत्रण के अध्ययन को एक नमूना-प्रतिक्रिया के रूप में द्वितयीकरण का उपयोग करके किया गया है । इस प्रतिक्रिया में हमने उत्कृष्ट चयनियता को प्राप्त कर लिया है तथा वर्तमान में इसको बहुतयीकरण के रूप में विस्तरित कर रह हैं । एक और पृथक परियोजना में हमने द्रुमकृतिक रामन चिह्नकों का विकार, HIV-सदूषण के (शीघ्र) पूर्व संसूचना शोध के लिए किया है । हमने यह दर्शाया है कि ये द्रुमकृतिक रामन चिह्नक एकल (सांद्रता) सघनता में दस-गुना वृद्धि दर्शाते हैं । हमने डाइअमिनोफ़ास्फोनेटों के प्रतिबिंब चयनित संश्लेषण को भी विकसित कर लिया है ।

सेबास्टियन सी पीटर, Ph.D.
सहयोगी प्रोफ़ेसर

दो अत्यधिक आसन्न वैज्ञानिक एवं प्रौद्योगिकीय ऐसी समस्याएँ हैं, जिनका सामना 21वीं शताब्दी का मनुकुल कर रहा है - वे हैं ऊर्जा एवं जलवायु । डॉ. सेबास्टियन सी. पीटर के दल एक पत्थर दो पक्षी - अभिगम द्वारा इन प्रश्नों (समस्याओं) का समाधान करने का प्रयत्न - CO_2 को ऊष्म-रासायनिकीयता सी रासायनिकी तथा हरिततर इंधनों में परिवर्तित करने के द्वारा कर रहा है । यह समेकित CO_2 परिवर्तन प्रौद्योगिकी (तंत्रज्ञान) वाणिज्यिकरण के लिए विकासशील है, जहाँ पर यह दल औद्योगिक चिमनी-धारों से CO_2 को प्रग्रहण कर रहा है उसे औद्योगिक महत्त्व के उत्पादों में परिवर्तन कर रहा है । इस सांतत्य प्रौद्योगिकी में निहित हैं - उत्प्रेरक संश्लेषण, अभिकर्म (रिएक्टर) अभिकल्प, जलजनक-उत्पादन तथा उत्पाद-शुद्धिकरण में नवोन्मेष । प्रौद्योगिकी-विकास के दौरान नवोद्यम कंपनी - 'ब्रीद' जलवायु-परिवर्तन के न्यूनीकरण के लिए ZOM USD NRG-COSIA कार्बन X PRIZE प्रतियोगिता चला रही है । यह दल टाटा पॉवर, नावीमेर CCS SITELL जैसी कंपनियों के वाणिज्यिक रूप में इस तंत्रज्ञान को परिमापन के लिए संबंध स्थापित कर रहा है ।



चित्र : 6 प्रमुख प्लग-इन (डाटित) (घटकों) एककों से युक्त समेकित प्रौद्योगिका का परिदृश्य : (1) चिमनी (धुआँकस) धारा से CO_2 का प्रग्रहण, (2) लवणीय जल या जैव-द्रव्य राशि के विद्युत-अपघटन से H_2 (जल) का उत्पादन, (3) मेथानॉल तथा CO उत्पादन के लिए कार्बन (अंगारक) परिवर्तन एकक, (4) मेथानॉल आसवन एकक, (5) CO शुद्धिकरण एकक, (6) विद्युत CO_2 जल के उत्पादन के लिए इंधन-कक्ष में मेथानॉल का उपयोग तथा रासायनिक उद्योग में तथा परिवहन इंधन के रूप में मेथानॉल का उपयोग ।

रंजनी विश्वनाथ, Ph.D. (ICMS के साथ संयुक्त रूप से)
सहयोगी प्रोफ़ेसर

अस्थायी (अनित्य) प्रजाति यों के (जीवन-काल) जीवावधि को वर्धित करने हेतु अस्थायी (अनित्य) अधिशोषण तथा कुशल रूपांतरण का उपयोग करके हमने Mn उत्सर्जन में महत्त्वपूर्ण चिरकालिक पहेली का समाधान प्राप्त कर लिया है । हमने उत्कृष्ट प्रकाशीय गुणधर्मों के साथ वायु-स्थिर Sn मादित पेरोवस्काइट पदार्थों का संश्लेषण किया है तथा EXAFS का उपयोग एक शोध (परीक्षण) के रूप में अमादित या Sn Imn मादित उच्च निष्पादन पेरोवस्काइटों में अनेक अनिर्जीव प्रश्नों को समझ लेने का प्रयत्न कर रहे हैं ।

कनिष्क बिस्वास, Ph.D.
संकाय अधिसदस्य

हमने AgCuTe के कक्ष-तापमान षट्कोणीय प्रावस्था में मृदु ध्वनिमात्रिक साधनों तथा प्रकाशीय ध्वनिक, ध्वनिमात्रिक युग्मन के द्वारा अतिनिम्न K_{Lat} के साथ एक नवल पदार्थ AgCuTe का अभिकल्प तैयार किया है, जिसमें Ag/Cu धनायन के गतिकीय अव्यवस्था (विकार) न्यूनीकृत ध्वनिमात्रिक आव्रतियों को तथा उच्च तापमान सैंधव लवण प्रावस्था में निम्न औसत मुक्त पथों को अग्रसर करती है । p-type Ag CuTe में 670K पर 1.6 का zT की आर्द्रता के उच्च चित्र को प्राप्त कर लिया गया है (Angew. Chem. Int. Ed. 2018, doi 10.1002/anie.201801491)



चित्र 1: p-type Ag CuTe के तापमान निर्भर ऊष्म विद्युतीय आर्द्रता zT का चित्र (*Angew. Chem. Int. Ed*., 2018, doi: 10.1002/anie.201801491)

हमने 3डी, 2डी तथा OD (शून्य आयाम) आयामों में सर्वतोमुखी संरचनात्मक संयोजकता के साथ विभिन्न अजैविक पेरोवस्काइट प्रकारी (हलिडेस) halides के लिए सहज कक्ष तापमान, विलायन-मुक्त, सामान्य तथा मापनीय सर्व-घन-अवस्था यांत्रिक-रासायनिक संश्लेषण को प्रदर्शित किया है । 3D $CsPbBr_3$, 2D $CsPb_2Br_5$, 0D Cs_4 $PbBR_6$, 3D $CsPbCl_3$, 2D $CsPb_2Cl_5$, 0D Cs_4PBCl_6, 3D $CsPbI_3$ तथा 3D $RbPbI_3$ इन सबका इस पद्दति द्वारा संश्लेषण किया गया है, जो अजैविक पश्च संश्लेषक अभिगम द्वारा संश्लेषण किया गया है (*Chem. Eur. J.*, 2018, 24, 1811–1815).



चित्र 2: उसी समान कार्य पद्धति द्वारा तथा $CsPb_2Br_5$, Cs_4PbBr_6, $CsPbCl_3$, $CsPb_2Cl_5$, $CsPbI_3$ तथा $RbPbI_3$, gr संश्लेषित के रूप में भौतिकीय आभास के साथ CsBr तथा $PbBr_2$ से $CsPbBr_3$ के सर्व घन अवस्था यांत्रिकीय, रासायनिकीय संश्लेषण

हमने ऐसी अंतरवृद्धि $SnmBi_2nTe_3n+m$ यौगिकों के दो आयामीय कुछ परतीय नानो चद्दरों (परतों) का विश्लेषण किया है, जो विलायन प्रावस्था संश्लेषण द्वारा समूह में TIs के होते हैं । ये कुछ परतीय पदार्थ, अन्यस्थानिक विद्युन्मानीय परिवहनीय गुणधर्मों के अर्ध चालक (पट्टिका अंतराल) बैंड गैप को प्रदर्शित करते हैं । (Angew. Chem. Int. Ed., 2017, 56,



चित्र 3: $(SnTe)_m(Bi_2Te_3)_n$ n सादृश्य अंतरवृद्धि परिवार से व्युत्पन्न वैन डेर वाल्स विषम संरचना की नानो-चद्दरें (*Angew. Chem. Int. Ed*., 2017, 56,14561-14566).

14561-14566).

हमने लौह-विनिमय तथा अंतर विष्टन अभिक्रियाओं के लिए ऐसे नवल, परतीय-धातु चालकों-फास्फेटों को विकसित कर लिया है, जिसका उपयोग हम जल से भारी धातु तथा परमाणु त्याज्य के पृथक्करण के लिए कर रहे हैं (*Chem. Eur. J.*, 2017, 23, 11085-11092).



चित्र 5: विभिन्न स्रोतों ले आनेवाले भारी धातु (विकिरण नाभिक) रेडियो न्यूक्लाइड त्याज्य प्रग्रहण के लिए KMPS-1 (Mn, बैंगनी, P, नीला, S, पीला, K, काला) के उपयोग के लिए (*Chem. Eur. J.*, 2017, 23, 11085-11092).

